''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 18 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 18 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# बल्लभगढ़ और फरीदाबाद विधानसभा के सभी 9 मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** संगठन पर्व के तहत भाजपा फ़रीदाबाद की बल्लभगढ़ और फ़रीदाबाद विधानसभा में शुक्रवार को 9 मंडलों के अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। प्रस्तावक और समर्थकों के हस्ताक्षर करवाकर फार्म भर निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की गई। बूथ अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया। बल्लभगढ़ विधानसभा में आयोजित बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ से विधायक मूलचन्द शर्मा, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, ज़िला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग, कैलाश वशिष्ठ, गजेन्द्र की उपस्थिति में पटौदी से विधायक एवं फ़रीदाबाद ज़िले के चुनाव अधिकारी सत्यप्रकाश जरावता ने निर्वाचित मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा की। बल्लभगढ़ मंडल में संजय कुमार जांगीड, चावला कॉलोनी मंडल में गौरव वीरमानी, मुजेसर मंडल में कुलदीप मथारू, आदर्श नगर मंडल में विपिन त्यागी और ऊँचा गाँव मंडल में पवन सैनी को मंडल अध्यक्ष चुना गया।

भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर आयोजित फ़रीदाबाद विधानसभा की बैठक में ज़िला चुनाव अधिकारी एवं ज़िला प्रभारी नरेंद्र वत्स ने ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बिजेन्द्र नेहरा, भाजपा नेता अमन गोयल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल, मीडिया सह प्रभारी राज मदान की उपस्थिति में फ़रीदाबाद विधानसभा के निर्वाचित सभी 4 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की सीही मंडल में रमेश तेवतिया, ओल्ड फरीदाबाद मंडल में शिव कुमार गुप्ता, अजरौंदा मंडल में शुभांकित गुप्ता और ग्रेटर फरीदाबाद में श्रीमती तृप्ति माला को मंडल अध्यक्ष चुना गया। पहले बल्लभगढ़ और फ़रीदाबाद विधानसभा में 3-3 मंडल थे, लेकिन मंडल परिसीमन के बाद बल्लभगढ़ में 5 मंडल और फ़रीदाबाद में 4 मंडल बनाये गये हैं।

**भाजपा एकमात्र पार्टी जिसमें है संगठनात्मक चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया: सत्यप्रकाश जरावता**

चुनाव अधिकारी सत्य प्रकाश जरावता ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को पूर्ण विश्वास है कि नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे और अपने अपने मंडलों में संगठन विस्तार कर पार्टी को मज़बूत करने का कार्य करेंगे। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें संगठनात्मक चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया है और उसी प्रक्रिया के तहत पहले बूथ अध्यक्षों का चुनाव किया गया और 50% से अधिक उपस्थित बूथ अध्यक्षों द्वारा मंडल अध्यक्षों का सर्वसम्मति से चुनाव किया । श्री जरावता ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की शक्ति और सामर्थ्य है । निष्ठा, लगन और मेहनत से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को उचित दायित्व और पद देकर सम्मानित किया जाता है।

## 9 मंडल अध्यक्षों का चुनाव सपन्न, शेष 20 मंडल अध्यक्षों का चुनाव जल्द : राजकुमार वोहरा



भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि संगठन पर्व के तहत भाजपा फ़रीदाबाद ज़िले के कुल 29 संगठनात्मक मंडलों में मंडल अध्यक्ष घोषित किए जाने हैं। मंडल अध्यक्ष के लिये जो नाम आए उनकी जांच-पड़ताल के बाद कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श कर सर्व सहमति से मंडल अध्यक्षों का चयन किया जाएगा। बल्लभगढ़ विधानसभा के 5 मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन कर मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। फ़रीदाबाद के शेष 20 मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन कर जल्दी ही घोषणा की जाएगी । उन्होंने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की । सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों ने पार्टी संगठन और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## मंडल अध्यक्ष से ही पार्टी नए नेता तैयार करती है : बिजेन्द्र नेहरा



प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बिजेन्द्र नेहरा ने बताया कि भाजपा में बूथ अध्यक्ष के बाद मंडल अध्यक्ष महत्वपूर्ण पद होता है। वास्तविक रूप में पार्टी के कार्यक्रम और अभियान को जमीन पर उतारने में मंडल अध्यक्ष की बड़ी भूमिका होती है। मंडल अध्यक्ष से ही पार्टी नए नेता तैयार करती है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली सहित कई मंत्री, सांसद व विधायक भी मंडल अध्यक्ष से ही बड़े पदों पर पहुंचे हैं।

# फरीदाबाद के विकास को मिलेगी नई गति: विपुल गोयल ने की नितिन गडकरी से मुलाकात



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल अत्यंत सक्रियता के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए जुटे हुए हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा चुने जाने के बाद से ही वह बुनियादी कार्य एवं विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सकारात्मकता के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अभियान के तहत, शुक्रवार को विपुल गोयल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके नई दिल्ली आवास पर मुलाकात की।

बैठक में फरीदाबाद और हरियाणा के सड़क, राजमार्ग और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। विपुल गोयल ने फरीदाबाद की जनता की ओर से मांगें रखते हुए कुछ परियोजनाओं पर शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया। उन्होंने नितिन गडकरी को फरीदाबाद क्षेत्र सहित देशभर में की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए धन्यवाद दिया और उनकी उपलब्धियों के प्रति प्रशंसा व्यक्त की।

बैठक में उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष फरीदाबाद के लिए आश्रम से बदरपुर बॉर्डर तक सिग्नल फ्री कॉरिडोर का प्रस्ताव रखा जिसका सीधा लाभ क्षेत्र की साधारण जनता एवं उद्योग जगत को प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने फरीदाबाद सेक्टर 37 बाईपास से कुंडली-मानेसर-पलवल (KMP) एक्सप्रेसवे तक एक सीधी कनेक्टिविटी स्थापित करने का भी प्रस्ताव क्षेत्र की जनता की ओर से रखा। इसके साथ ही विपुल गोयल ने नेशनल हाईवे 2 को मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली डिवाइडिंग सड़कों का नवीनीकरण और सौंदर्यकरण करने का भी अनुरोध किया।

बैठक के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इन परियोजनाओं पर जल्द से जल्द काम शुरू होगा, जिससे शहर की कनेक्टिविटी और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा बदलाव आएगा। विपुल गोयल ने 65% से अधिक मतों से जीत दर्ज करते हुए हरियाणा में भाजपा के सबसे अधिक मतों से विजयी उम्मीदवार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनकी सक्रियता और विकास कार्यों को लेकर प्रतिबद्धता ने क्षेत्र की जनता के बीच भरोसे को और मजबूत किया है। नितिन गडकरी ने बैठक में पेश किए गए प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# समाधान शिविर में 18 शिकायतों की सुनवाई हुई

### तहसीलदार शिखा गर्ग ने शिकायत निवारण के दिए निर्देश



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** समाधान शिविर में आज 18 शिकायतों की सुनवाई की गई। तहसीलदार शिखा गर्ग ने जनसमस्याओं का निवारण करने के लिए संबधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में आज तहसीलदार शिखा गर्ग ने लोगों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और तत्काल उन पर उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में समाधान शिविरों के माध्यम से रोजाना जन शिकायतों का निवारण करवाया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार के निर्देश हैं कि इन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाए। इसलिए किसी भी विभाग की शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए उसमें प्रभावी कार्यवाही करवाई जाती है।

आज आयोजित हुए समाधान शिविर में परिवार पहचान-पत्र, जमीन का मुआवजा, पुलिस विभाग से संबधित मामले, बिजली वितरण निगम, नगर निगम आदि से संबधित शिकायतों पर सुनवाई की गई। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डा. अनु, डीटीपी ऑफिस से योजना अधिकारी पुनीत छोंकर, एसडीओ देवेंद्र कुमार, एटीपी राहुल डाबरा, पुलिस विभाग से वेलफेयर ऑफिसर सुनील कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी पंकज इत्यादि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान से आए शरणार्थी जल्द ही भारत के नागरिक होंगे : अरुण वालिया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोहड़ी के अवसर पर फ्रंटियर कॉलोनी एनआईटी 3 में लोहड़ी कार्यक्रम में भाग लेते हुए गुरु गोविन्द सिंह जी को याद किया गया एंव इस अवसर पर पाकिस्तान से भारत आए शरणार्थी परिवारों ने लगाए, जो बोले सो निहाल, जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे। लोहड़ी के पावन पर्व पर समाजसेवी अरुण वालिया ने बताया कि जैसे गुरु गोविंद सिंह जी और उनके पूरे परिवार ने धर्म की खातिर बलिदान दिया वैसे ही पाकिस्तान से भारत आए इन शरणार्थियों ने भी अपना धर्म नहीं छोड़ा और आज बड़ी ही विषम परिस्थितियों में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं ।और गुरु साहब के दिखाए रास्ते पर चल रहें हैं। हम सभी भारत वासियों को इनके प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि हमें इनकी सहायता के लिए आगे आना चाहिए। अरुण वालिया ने बताया कि इन का सीएए के अंतर्गत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर दिया गया है और जल्द ही यह लोग भी भारत के नागरिक होंगे। समाजसेवी सरदार परविंदर सिंह जी, सुपिंदर कौर जी एवं सुदेश ओबेरॉय ने भी बड़े ही प्रेम से अपने शरणार्थी भाइयों के साथ लोहड़ी का त्यौहार मनाया। लघु उद्योग भारती से रवि खत्री जी एवं उनकी धर्म पत्नी ने इस अवसर पर कहा कि हम हर कदम पर आपके साथ खड़े है। भारत माता के चित्र को पुष्प अर्पित कर और भांगड़ा तथा मूंगफली/रेवड़ी का प्रसाद खाते हुए,हंसते गाते हुए सभी ने एक दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी।

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सभी मिलकर करें सामूहिक प्रयास : एसडीएम शिखा

### नशा बेचने वाले की जानकारी हेल्पलाइन 9050891508 पर दें



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से गुप्त कार्यवाही करें। साथ ही आमजन को नशा विरोधी गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह बात एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने कही। डीसी विक्रम सिंह ने निर्देशानुसार एसडीएम शिखा ने आज कानून और व्यवस्था को मजबूत करने, नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नज़र रखने और सकारात्मक सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक समन्वय बैठक की।

एसडीएम शिखा ने कहा कि जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थ बेचने वालों की गम्भीरता से निगरानी करना सुनिश्चित करें। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के बारे में जागरुकता फैलाने और जनता को संवेदनशील बनाने में शिक्षा विभाग और ड्रग कंट्रोल सेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर पूरी मुस्तैदी, जिम्मेवारी एवं दायित्व के साथ अपने कर्तव्य को निभाएं। युवा पीढ़ी के भविष्य को बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों को भी आगे आना होगा और सख्त नियम बनाने होंगे। शिक्षण संस्थान नशा रोकने को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों में नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए। समय समय पर छात्र-छात्राओं के सरप्राइज बैग और स्कूटी चेक करें। किसी छात्र के पास कोई आपर्ततिजनक वस्तु मिलती है तो उसकी और उसके पेरेंट्स की काउंसलिंग करें। स्कूल में आर्ट ऑफ़ लिविंग, मेडिटेशन और योग कक्षाओं का आयोजन करें। हम सबको नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेकर देश-प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

बैठक में पुलिस विभाग द्वारा नशा बेचने वाले की जानकारी देने के टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 9050891508 भी बताया गया जिस पर कोई भी व्यक्ति नशा बेचने वालो की जानकारी दे सकता है। इस अवसर पर एसड़ीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ मयंक भारद्वाज व एसीपी राजेश कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान शिविर: नागरिकों की समस्याओं के समाधान का एक नया मंच

### फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल सहित नगर निगम में भी आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में शुक्रवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम शिखा ने समाधान शिविर में आई शिकायतों में से का अधिकांश का मौके पर ही निदान किया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। एसडीएम ने बताया कि शिकायतों के समाधान के लिए लग रहे समाधान शिविर में आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी भी की जा रही है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ में फूट-फूटकर रोईं हर्षा, पीठाधीश्वर फिर भड़के

## कहाः तुम्हारी असलियत सामने आई, ये सब करोगी तो फिर रोकूंगा

**प्रयागराज।** महाकुंभ में पेशवाई के रथ पर बैठने के बाद चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया और स्वामी आनंद स्वरूप आमने-सामने आ गए हैं। हर्षा ने शांभवी पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप पर जमकर हमलावर हुईं। उन्होंने कहा- संतों ने महिला होने के बावजूद मेरा अपमान किया। आनंद स्वरूप को पाप लगेगा। मेरे ऊपर लग रहे आरोपों से परेशान हूं। मुझे डर लग रहा है। अब मैं महाकुंभ मेला छोड़कर चली जाऊंगी।

यह कहते हुए फूट-फूटकर रोने लगीं। खबर पब्लिश होने के बाद आनंद स्वरूप ने वीडियो जारी किया। कहा- महाकुंभ में हर्षा जैसी कई लाखों लड़कियां आई हुई हैं। तुम्हारी असलियत सबके सामने आ गई है। अगर ये सब करोगी तो मैं फिर से रोकूंगा। मेरी बात का अगर बुरा लगा तो लग जाए। 4 जनवरी को महाकुंभ के लिए निरंजनी अखाड़े की पेशवाई निकली थी। उस वक्त 30 साल की मॉडल हर्षा रिछारिया संतों के साथ रथ पर बैठी नजर आई थीं। पेशवाई के दौरान हर्षा रिछारिया से पत्रकारों ने साध्वी बनने पर सवाल किया था। इस पर हर्षा ने बताया था कि मैंने सुकून की तलाश में यह जीवन चुना है। मैंने वह सब छोड़ दिया, जो मुझे आकर्षित करता था। इसके बाद हर्षा सुर्खियों में आ गईं। वह ट्रोलर्स







के भी निशाने पर हैं। मीडिया चैनल ने उन्हें 'सुंदर साध्वी' का नाम भी दे दिया। इसके बाद हर्षा फिर से मीडिया के सामने आईं। कहा- मैं साध्वी नहीं हूं। मैं केवल दीक्षा ग्रहण कर रही हूं। इसी बीच आनंद स्वरूप महाराज ने वीडियो जारी किया।

उन्होंने कहा- पेशवाई के दौरान मॉडल को रथ पर बैठाना उचित नहीं है। इससे समाज में गलत संदेश फैलता है। धर्म को प्रदर्शन का हिस्सा बनाना खतरनाक है। साधु-संतों को इससे बचना चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, तभी से वार-पलटवार का दौर जारी है। महाकुंभ सनातन धर्मियों का सबसे बड़ा समागम है। यहां धर्म और अध्यात्म पर चर्चा होनी चाहिए। महिला मॉडल और बीफ खाने वाली विदेशी महिला लॉरेन पॉवेल का शुद्धिकरण कराए बिना उसे दीक्षा देना और सनातनी नाम देना, यह सिर्फ मजाक और प्रचार है। महाकुंभ में इस प्रकार के काम सिर्फ मार्केटिंग इवेंट हैं, इससे ज्यादा कुछ नहीं। इसे लेकर धमार्चार्यों से चर्चा कर सख्त कदम उठाए जाएंगे, क्योंकि यह सीधे तौर पर महापाप है। हर्षा जैसी कई लड़कियां यहां आई हुई हैं। मैंने किसी को कुछ नहीं कहा, लेकिन तुम आचार्य के रथ पर सवार होकर बाइट दे रही थी कि तुम दो साल से इस जीवन में हो और साध्वी हो। जब मुझे असलियत का पता चला, तो तुम्हें रोकना मेरा कर्तव्य बन गया। मेरा उद्देश्य सिर्फ धर्म की रक्षा है। तुमसे मेरा कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। जैसा लगाव मेरी अन्य बहनों से है, वैसा ही तुमसे भी है। मैंने तुम्हें सही रास्ता दिखाने की कोशिश की। इसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं है। फिर भी तुमको बुरा लगा तो लगने दो। अगर इस प्रकार का काम कोई दूसरा भी करेगा, तो मैं वही कदम उठाऊंगा। यही मेरा कर्तव्य है। मैंने काली सेना इसी उद्देश्य से बनाई है कि जो लोग धर्म के खिलाफ जाएं, उन्हें रोका जा सके। तुम गलत रास्ते पर जा रही थी, इसलिए मैंने तुम्हें रोका। तुम्हारी असलियत सबके सामने आ गई।

तुम्हारी मां कह रही है कि तुम्हारी अगले महीने शादी है। इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। भगवा वस्त्र पहनकर कोई सनातन धर्म का मजाक बनाए। ये मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं। तुम अगर एक सामान्य लड़की की तरह कुंभ में रहोगी, तो मुझे कोई समस्या नहीं है। ये सब करोगी तो मैं फिर से टोकूंगा, फिर रोकूंगा। इस तरह संन्यास ग्रहण किए बिना किसी की शिष्या बताना गलत है। मैं संत नहीं हूं। संत अपने आप में बहुत बड़ी पदवी होती है, इसका टैग मुझे नहीं दिया जाए। मैं कभी भी मॉडल नहीं रही हूं। इसलिए मैं यह टैग भी एक्सेप्ट नहीं कर सकती। मैं सिर्फ एक साधारण सी शिष्या हूं, जो अपने गुरुदेव के सानिध्य में महाकुंभ को जानने, महसूस करने और समझने के लिए तीर्थराज प्रयागराज में आई है। मुझे जो पर्सनली फील होता है, वो यह है कि अगर कोई भी इंसान वेस्टर्न कल्चर को छोड़कर, सनातन धर्म की संस्कृति से जुड़ना चाहता है, समझना चाहता है, उसमें समाना चाहता है, उसमें रम जाना चाहता है। तो मुझे लगता है कि हिंदू होने के नाते, सनातनी होने के नाते हमें खुशी से उसे परिवार में, धर्म में शामिल करना चाहिए, न कि उसका विरोध करना चाहिए। उसे बच्चे की तरह ट्रीट करना चाहिए। उसका विरोध करना बहुत गलत बात है।शाही सवारी में उस वक्त मेरे अलावा बहुत से गृहस्थ लोग भी बैठे हुए थे। जिनका अपना परिवार है, बच्चे हैं, मां-बाप हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मीडिया ने मुझे टारगेट किया हुआ था। सिर्फ हमारे निरंजनी अखाड़े में गृहस्थ लोग नहीं थे। अलग-अलग अखाड़ों की शाही सवारी में गृहस्थ लोग बैठे थे। ये कोई विवाद का मुद्दा नहीं था। अगर किसी बच्चे से गलती होती है, तो उसे समझाना चाहिए। लेकिन उसे विवादों में घेरना, नाम खराब करना गलत है। उसे पहले साध्वी का टाइटल देना, फिर मॉडल का टाइटल दे देना। यह बहुत गलत बात है। हर्षा ने कहा- मैं यहां युवाओं को प्रेरित करने आई थी। धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए आई थी, लेकिन यहां कुछ लोगों ने मुझसे ही यह मौका छीन लिया। इन्होंने मुझसे नहीं, पूरे युवाओं से यह मौका छीना है। इनका मानना है कि जो वेस्टर्न कल्चर में था, तो उसे कोई हक नहीं कि वह अपने धर्म और संस्कृति को जाने। हर्षा ने रोते हुए कहा- भगवान ने भी हमसे कभी पूजा करने का हक नहीं छीना। भगवान के पास भी यह अधिकार नहीं कि वह हमसे धर्म और संस्कृति को जानने का हक छीन लें। लेकिन इन लोगों ने मुझे मॉडल और नाचने-गाने वाला करार दिया। मैं अपनी मयार्दा में थी। मैंने महाकुंभ में आकर क्या अभद्र और क्या गलत कर दिया? इन लोगों ने मुझे परेशान कर दिया, त्रस्त कर दिया है।

# फाजिलनगर क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक में 5 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत

संवाददाता

**कुशीनगर।** शुक्रवार को ब्लाक सभागार में फाजिलनगर क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक हुई। जिसमें पिछली कार्ययोजना की पुष्टि की बाद 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए कुल पांच करोड़ की 20 प्रस्तावित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बीडीसी सदस्यों, प्रधानों व जिला पंचायत सदस्यों के सवालों का जवाब अधिकारियों ने दिया। अनुपस्थित रहने वाले कई विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई को संस्तुति की गई तथा कार्रवाई के लिए खंड विकास अधिकारी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।मनरेगा योजना, 15 वां वित्त आयोग की योजना, कृषि कार्यक्रम,पशु पालन,राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना,जन्म प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड, आवास आदि




से संबंधित समस्या पर चर्चा हुई। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके बैठक की शुरूआत किया। उन्होंने कहा कि शासन की नीति सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की है। लोक कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। भ्रष्टाचार स्वीकार्य नहीं होगा। बीडीओ रवि कुमार रंजन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार विकास योजनाएं संचालित होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी।अध्यक्षीय संबोधन में प्रमुख ऊर्मिला देवी ने बीते वर्ष में हुए विकास कार्यों की रुपरेखा प्रस्तुत किया। प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन कुमार शुक्ला व लखीचंद यादव, खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी आदि ने भी संबोधित किया। संचालन ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया। उपाध्यक्ष प्रधान संघ विश्वविजय सिंह, मनोज पाण्डेय, अजय पांडेय, शम्भू बरनवाल, नागेंद्र गुप्ता, राजेश राय, विजय बहादुर सिंह, राकेश द्विवेदी, अजय तिवारी, हरीलाल यादव,कृष्णकांत यादव, संतोष कुमार, दिनेश सिंह, कमलनयन सिंह, गौरव जायसवाल, मधुबन सिंह, जेपी कुशवाहा, पूर्व प्रधान विनय तिवारी व ब्रजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# निर्वाण सेवा संस्थान द्वारा कम्बल वितरित



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के मुंडेरा रतन पट्टी में निर्वाण सेवा संस्थान द्वारा कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए 60 जरुरतमंदों में कम्बल वितरित किया गया।

शुक्रवार की सुबह संस्था की ओर से विश्वनाथ गुप्ता उर्फ बंटी, दीपक सिंह उर्फ सोहन सिंह, साहब सिंह मुंडेरा गांव में पहुंचे और गरीबों, बुजुर्गों, बीमारों को कम्बल भेंट किया। श्री बंटी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। हमें एक दूसरे की मदद और सेवा कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। यही कार्य औरों के लिए प्रेरक बनेगा। इस मौके पर डोर टू डोर जाकर लोगों में कम्बल वितरण किया गया।दीपक सिंह उर्फ सोहन सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए नेक व सराहनीय कार्य किया जा रहा है। यह कार्य बहुत ही सराहनीय व पुण्य का कार्य है। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुधीर राव ने किया आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत कार्य का निरीक्षण

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** हाटा बिकास खण्ड के गांव डुमरी चुरामन छपरा में आंगनबाड़ी केंद्र का क्षेत्र पंचायत से राज्य वित्त योजना से हो रहे मरम्मत व सुदृढ़ीकरण काम का शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने निर्माण कार्य देखा और जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

बता दें कि उक्त ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालत में पड़ा हुआ था। जिसका क्षेत्र पंचायत से राज्य वित्त योजना से तीन लाख 96 हजार रूपए की लागत से मरम्मत व टायलीकरण और सुंदरीकरण किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने दर्जनों



बार लिखित व मौखिक रूप से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर केंद्र के मरम्मत और सुंदरीकरण के लिए क्षेत्र पंचायत से राज्य वित्त योजना से पास कराया और उस केंद्र का मरम्मत कार्य में शौचालय का मरम्मत कीचन, कार्यालय और हाल मरम्मत सहित पूरे भवन का टायलीकरण किया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने मौके पर पहुंचे और बहुत ही बारीकी से अध्ययन किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष बिनोद गुप्ता, सच्चितानंद पांडेय, सुनील पांडेय, जयराम, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

# मिलकर करेगे टीबी रोग का खात्माः डॉ जीपी राय

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया एवं जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी के निर्देश पर चलाये जा रहे गोद कार्यक्रम के अंतर्गत कसया सीएचसी के सभागार में आईएमए के सहयोग से 25 टीबी रोगियों को तीसरे माह का तथा उषा देवी पत्नी राकेश जयसवाल द्वारा एक मरीज को दूसरे माह का प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार दिया गया।



आईएमए के अध्यक्ष डॉ जीपी राय ने कहा कि हम सभी मिलकर करेंगे टीबी रोग का खात्मा। उन्होंने ने कहा कि इस बीमारी से निपटने के लिये आईएमए के सभी चिकित्सक अपना पूर्ण योगदान दे रहे है। आईएमए के सचिव डॉ वाई के मद्देशिया ने कहा कि जनपद से टीबी रोग का उन्मूलन करने में आईएमए पूर्ण सहयोगी रहेगा। उनको प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार गुड़, भुना चना, मूँगफली का दाना, सत्तू, गजक, प्रोटीन युक्त पाउडर उपचार चलने तक प्रतिमाह दिया जायेगा। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया तथा आगन्तुकों का स्वागत एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया एवं आभार दन्त चिकित्सक डॉ रितेश कुमार ने व्यक्त किया। इस दौरान डॉ अशोक सिंह, एएनएम बीना चौबे, ममता, विकास जयसवाल, सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद उपस्थित रहे।

# एड्स की रोकथाम को लेकर कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

**कुशीनगर।** भारत सरकार व उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी के मेन्स्ट्रिमिंग अन्तर्गत एचआईवी एड्स रोकथाम की बेसिक जानकारी के लिए पाँच ब्लाकों में अंतर्विभागीय कार्यशाला - प्रशिक्षण जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डाँ सुरेश पटारिया के मार्गदर्शन में एचआईवी अनुभाग द्वारा 5 ब्लॉकों के 15 बैचों में द्वारा सम्पन्न हुआ । जिला क्षय रोग अधिकारी / जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर एस एन त्रिपाठी ने बताया कि 5 ब्लॉकों के ब्लाक स्तरीय कार्यशाला में 50 - 50 की संख्या में 15 बैचो में स्वास्थ्य विभाग की आंगनबाड़ी आशा,सीएचओ,एएनएम बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सुपरवाइजर्स बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षक एवं पंचायती राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारियों को एचआईवी एड्स रोकथाम की बेसिक जानकारी से प्रशिक्षित करा कर जनपद कुशीनगर में अंतर्विभागीय कुल 812



प्रशिक्षित करा रिसोर्स /मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। जो रोग नियन्त्रण के लिए ग्रामीण स्तर पर प्रचार- प्रसार को गति मिलेगी । जिला टीबी एचआईवी समन्वयक चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि एचआईवी- एड्स की सही जानकारी ही बचाव है। सबेरा के मास्टर ट्रेनर तारकेश्वर सिंह ने एचआईवी एड्स की मूल जानकारी के साथ संक्रमित ब्यक्तियों से होने वाले भेदभाव को कम करने के लिए एचआईवी एक्ट 2017 में संरक्षण की जानकारी दिया एवं निःशुल्क जाँच,परामर्श व निदान केन्द्रो सहयोगी संस्थाओं के कार्यक्रम से अवगत कराया गया । कार्यशाला समन्वयक रत्नेश मणि त्रिपाठी द्वारा संक्रमण ब्यक्तियों की गोपनीयता एवं ग्रामीण स्तर पर एसटीआई (यौवन जनित रोग) के निदान पर चर्चा किया गया। कार्यशाला को उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर राकेश गुप्ता, हाटा तमकुही, सेवरही, कप्तानगंज व सुकरौली देवतहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो के प्रभारी / अधीक्षक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं आईसीटीसी परामर्शदाता किरन चौहान, देवेन्द्र चौधरी, शशि कला सिंह,संदीप सिंह,आर पी सिंह, सुधा प्रजापति, दुर्गेश दीक्षित, सादिक अंसारी,राममूर्ति चौहान आदि ने व्यवस्था आदि में सहयोग किया ।

## संक्षिप्त डायरी

### जिलाधिकारी ने गैंगस्टर सहित पाक्सो एक्ट के मामलों में दमदार पैरवी कर अपराधियों को सख्त सजा दिलाने के दिये निर्देश

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के बेमिसाल हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में अपराधियों को सख्त सजा दिलाने के साथ ही कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के मद्देनजर अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकुशल जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि अभियोजन के मामलों में शासकीय अधिवक्ताओं के साथ ही अभियोजन अधिकारियों की तरफ से सरकार का पक्ष दमदार तरीके से रखा जाये, साथ ही मामलों में हीला हवाली न अपनाई जाय, ताकि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले अपराधियों को जेल भेजा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही की जाए, साथ ही अपराध करने वाले को सजा जरूर मिलना चाहिये, ताकि कानून व्यवस्था प्रभावी तरीके से तय कराई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजनो में दमदार पैरवी की जाय, साथ ही कहा कि मामलों से जुड़े गवाहों की हिफाजत का खास ख्याल रक्खा जाय। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गैंगस्टर और पॉक्सो एक्ट के साथ ही दूसरे मामलों की समीक्षा करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व,अपर जिलाधिकारी न्यायिक,अभियोजन के अधिकारी सहित शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।



### लखनऊ में बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन



**लखनऊ ।** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय का घेराव कर रहे हैं। सभी निगम के सामने की रोड पर बैठकर सैलरी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इनकी मांग है कि 18 हजार महीना सैलरी दी जाए। कर्मचारियों में छंटनी को लेकर भी नाराजगी है। प्रदर्शन में 19 जनपदों से 10 हजार संविदा कर्मचारी शामिल हुए हैं। सभी सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निदा/ संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले हो रहा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र पांडे का कहना है कि लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, बदायूं, बरेली और रायबरेली से संविदा कर्मचारी सत्याग्रह में शामिल हुए हैं। मांग को लेकर निदेशक के साथ समझौता हुआ कि किसी भी कर्मचारी को हटाया नहीं जाएगा, लेकिन समझौते को दरकिनार कर 70% संविदा कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। कर्मचारियों की छंटनी से दुर्घटनाएं बढ़ेगी। अगर हम लोग काम बंद कर दिए तो बिजली विभाग की व्यवस्था चरमरा जाएगी। अगर मांग पूरी नहीं हुई तो संगठन नई रणनीति के साथ आंदोलन करेगा।

### गोरखपुर में रिटायर इंस्पेंक्टर के बेटे ने किया सुसाइडः 19 को होनी थी सगाई

**गोरखपुर ।** रिटायर इंस्पेक्टर के बेटे ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई, लेकिन इस खौफ नाक कदम के पीछे का



कारण अभी तक साफ नहीं हो सका है। मोहद्दीपुर निवासी हरदेव प्रसाद पुलिस इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हैं। उनके 35 साल के बेटे मनोज कुमार प्रभाकर ने बताया कि उसकी सगाई 19 जनवरी को तय की थी और शादी जून में प्रस्तावित थी। बुधवार रात को भी वह बिना खाना खाए सोने चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजन उसे जगाने पहुंचे। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब उसकी कोई आवाज नहीं आई तो उन लोगों ने कमरे के अदंर देखा। कमरे में मनोज का शव फंदे से लटक रहा था। यह देखकर उनके पिता की चीख निकल गई। बताया कि सात बच्चों में मनोज सबसे छोटे थे। उन्होंने टइअ किया था और कुछ समय तक नौकरी भी की थी। वह अपना खुद का व्यापार शुरू करने की योजना बना रहे थे। मनोज के बड़े भाई प्रमोद ने बताया कि मनोज का स्वभाव बहुत मिलनसार था। वह अक्सर परिवार के साथ वक्त बिताता और हमेशा खुश रहता था। प्रमोद ने यह भी बताया कि मनोज ने अपनी सगाई और शादी के लिए दो शूट भी खरीद रखे थे, जिससे यह और भी हैरान करने वाला लगता है।

### सपा सांसद प्रिया और क्रिकेटर रिंकू सिंह का रिश्ता पक्का




**जौनपुर।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह का रिश्ता पक्का हो गया है। उनका जौनपुर के मछली शहर की सांसद प्रिया सरोज के साथ रोका हुआ है। प्रिया सरोज समाजवादी पार्टी से सांसद हैं। दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं। खबर फैलते ही बधाई का दौर शुरू हो गया। पिता तूफानी सरोज ने कहा, अभी ऐसी कोई बात नहीं है। बेटी की सगाई की बात चल रही है। वहीं, जफराबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि सरफराज ने कहा, सांसद प्रिया सरोज की रिंकू सिंह से रिश्ते की बातचीत हो गई है, लेकिन अभी सगाई नहीं हुई है। रिंकू सिंह को इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। इस सीरीज की शुरूआत 22 जनवरी से होगी। टीम इंडिया के बल्लेबाज रिंकू सिंह पिछले दो सालों से टीम इंडिया के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रिया सरोज सिर्फ 25 साल की उम्र में सांसद बन गई थीं। प्रिया सरोज सुप्रीम कोर्ट में वकील भी रह चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। रिंकू सिंह की मंगेतर प्रिया वाराणसी जनपद के पिंडरा तहसील के करखियांव की रहने वाली हैं। उनका जन्म 23 नवंबर 1998 को हुआ था। 18 वर्ष की उम्र पार करते ही सपा की न केवल सक्रिय सदस्यता ले ली थी, बल्कि पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में भी सक्रिय भागीदारी निभाती हैं। महज 25 साल की आयु में वह भाजपा के कद्दावर नेता बीपी सरोज को हराकर लोकसभा तक पहुंचने में सफल रहीं। प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज भी मछलीशहर लोकसभा सीट से तीन बार सांसद रहे हैं। वो साल 1999, 2004 और 2009 में लोकसभा चुनाव जीते थे।

# एसडीएम ने रेवासन टोल से मरोड़ा आईटीआई तक हाईवे का किया निरीक्षण

## संबंधित अधिकारियों को अवैध कट बंद करने व अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की ओर से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए आदेशानुसार एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत ने शुक्रवार को रेवासन टोल से मरोड़ा आईटीआई तक राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-248ए का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवैध कटों को बंद करवाने व सड़क पर दोनों ओर अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



एसडीएम ने अपने निरीक्षण में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरोड़ा आईटीआई तक करीब 20 अवैध कटों व गांव घासेड़ा के पास कुछ स्थानों पर अतिक्रमण पाया, जिस पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि सभी अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए। एक्सईएन ने जानकारी दी कि अधिकतर अवैध कटों को बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार एसडीएम ने गांव घासेड़ा में हाईवे पर एक ढाबा द्वारा अतिक्रमण किया पाया, जिस पर उन्होंने ढाबा मालिक को तुरंत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसी गांव में कुछ स्थानों पर ग्रामीणों की कुरड़ी व एक स्थान पर मलबा गिरा पाया, तो एसडीएम ने संबंधित बीडीपीओ व गांव के सरपंच को इन्हें आगामी एक सप्ताह में हटवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस के एसएचओ को निर्देश दिए कि अगर भविष्य में उन्हें हाईवे पर कोई व्यक्ति अवैध कट को खोलता या नया कट बनाता या अवैध कट से वाहन को क्रॉस करता मिलता है, तो उसके खिलाफ तुरंत चालान कर कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर अवैध कट बनाया कानूनी अपराध है। इससे भारी जानमाल का खतरा होने की संभावना रहती है। अत: ग्रामीणों से अनुरोध है कि वे अपने गांवों की सीमा में हाईवे पर किसी भी प्रकार का अवैध कट न बनाएं और सड़क किनारों पर अतिक्रमण न करें। अगर कोई व्यक्ति कट बनाता है तो इसकी सूचना जिला व पुलिस प्रशासन को तुरंत दें, ताकि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जा सके।

# समाधान शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं आमजन : नगराधीश

**नगराधीश अशोक कुमार ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं**

**शुक्रवार को शिविर में आई 5 शिकायतों में से 01 का हुआ समाधान**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला उपायुक्त डा. विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में हर कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक नूंह, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का आमजन को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। नगराधीश अशोक कुमार ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान कही। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को इन समाधान शिविरों में आमजन की पेंशन, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी सहित अन्य विभिन्न प्रकार की 05 शिकायतें आई, जिनमें से 01 का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। इसके अलावा जो शिकायतें लंबित रही हैं, उनका भी जल्द समाधान करवा दिया जाएगा। नागराधीश अशोक कुमार ने कहा कि आमजन की शिकायतों का एक ही छत के नीचे समाधान करना समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में मौके पर ही आमजन की शिकायतों का समाधान करवाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर शिकायतों का तुरंत प्रभाव से समाधान करवा दिया जाता है, जो शिकायतें लंबित रहती है उनके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए जाते हैं।

# शेयर मार्किट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के मामले मे 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा शहर में साइबर अपराध पर कार्यवाही के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत थाना साइबर सेन्ट्रल की पुलिस टीम ने शेयर मार्किट में निवेश कराने का झांसा देकर धोखा-धड़ी करने के मामले में 5 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि 13 जुलाई 2024 को सेक्टर-77 वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेन्ट्रल में दी अपनी शिकायत में बतलाया कि 07 जुलाई को उसके पास अजय शर्मा नाम से एक अनाजान नम्बर से कॉल आया। जिसने शेयर मार्किट में पैसा निवेश करके मुनाफे का लालच दिया। जिसपर शिकायतकर्ता ने लालच में आकर अपने खाते से 50000/-रु निवेश कर दिए। जिस पर थाना साइबर सेन्ट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने 5 आरोपियों को राजस्थान और उत्तर प्रदेश से





गिरफ्तार किया है। जिसमें विक्रम वासी टोंक, मनीष वासी भरतपुर, हर्ष वासी नागौर, तेजवीर वासी वृंदावन और उमाशंकर वासी भरतपुर नाम शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विक्रम एकाउंट होल्डर है, उमाशंकर खाता उपलब्ध करवाने का काम करता है तथा आरोपी मनीष, हर्ष व तेजवीर के द्वारा चाईनिज लोगो को खाते उपलब्ध कराये जाते है। आरोपियो से पूछताछ में 16,50,094/-रु फ्रॉड करने का मामले का खुलासा हुआ है। साइबर टीम ने सभी पांचो आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी विक्रम को पूछताछ के बाश जेल भेजा दिया गया है। अन्य चारों आरोपियो से पूछताछ जारी है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संयुक तत्वाधान में सीपी सत्येंद्र कुमार गुप्ता को किया स्मृति चिन्ह भेंट

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुनील कुमार जांगड़ा एवं हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल द्वारा अपनी टीम के साथ वीरवार फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सत्येंद्र कुमार गुप्ता आई पी एस को उनके कार्यालय में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह एवं पटका सहित शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। ज्ञातव्य है कि 05 जनवरी को फरीदाबाद पुलिस लाइन में तारा नेत्रालय के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण तथा नेत्र उपचार शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस डॉ रमेश चंद्र मिश्रा सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक एवं विशिष्ट अतिथि आईपीएस राजेश कुमार दुग्गल संयुक्त पुलिस आयुक्त और फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान वीर भान शर्मा



शामिल रहे और भेदी नजर दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक गिरीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं मंच संचालन डॉक्टर एम.पी सिंह ने किया और हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल एवं ए एंड बी प्रॉपर्टी के निदेशक अंकित मलिक हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति वार्ड 40 के सशक्त उम्मीदवार सरदार मोहन सिंह, सरदार रणजीत सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, नवीश वर्मा, एवं मिस्टर गौरव शामिल हुए।

संगठन के संयोजक सुनील कुमार जांगड़ा ने बताया कि पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता किसी कारण वश कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके थे। इसलिए उन्हें उनके कार्यालय पहुंचकर एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह एवं राजस्थानी पटका और हरियाणवी शाल ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुनील कुमार जांगड़ा ने बताया कि आईपीएस सत्येंद्र कुमार गुप्ता बहुत ही सरल स्वभाव के धनी हैं। वह वर्ष 2004 में भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी बनें। उनको वर्ष 2016 में बहादुरी के लिए पुलिस मेडल फॉर गैलंट्री तथा वर्ष 2023 में उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस मेडल से नवाजा गया। अपनी 20 वर्ष की सेवा के दौरान वे हरियाणा के विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त रहें। गुरुग्राम में पुलिस उपायुक्त ईस्ट और गुप्तचर विभाग में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं। वर्ष 2022 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने उपरांत पुलिस महानिरीक्षक करनाल रेंज के पद पर नियुक्त रहें। हरियाणा प्रॉपर्टी कंसलटेंट फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि नवनियुक्त पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता फरीदाबाद के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोकथाम में बड़े स्तर पर काम हुआ है।

# रेफर मुक्त संघर्ष समिति का धरना 46वें दिन भी जारी

**डांस वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं एक्टर अशोक डी स्टार ने धरने को समर्थन देकर की एक दिवसीय भूख हड़ताल**



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा सेवा वाहन संचालक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में दिया जा रहा धरना आज 46वें दिन में प्रवेश कर गया। इस मौके पर एक्टर, कोरियोग्राफर, डांस वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर अशोक डी स्टार एवं फिल्म प्रोड्यूसर प्रदीप गुप्ता व की टीम ने अपना समर्थन दिया। अब तक इस महाधरने को 171 धार्मिक-सामाजिक संगठनों ने अपना समर्थन दे चुके है। तत्पश्चात एक्टर अशोक डी-स्टार एक दिवसीय भूख हड़ताल की। इस अवसर पर धरने पर आए हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए एक्टर अशोक डी स्टार ने कहा कि सेवा वाहन संचालक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में दिया जा रहा धरना भी एक यज्ञ के समान है। शहर के प्रत्येक नागरिक को धरने में आकर इस यज्ञ में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। इस मौके पर फिल्म प्रोड्यूसर प्रदीप गुप्ता ने बताया कि लोग जमीन, सडक़ निर्माण, विकास कार्यों व अपनी मांगों को लेकर आज तक धरन देते आए है। लेकिन भारत के इतिहास में पहली बार हुआ जब बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू करने को लेकर एक व्यक्ति सतीश चोपड़ा जोकि पिछले 12 सालों से जन सेवा में लगा हुआ है और ट्रोमा सैन्टर बनवाने, सिविल अस्पताल को रैफर मुक्त करवाने तथा श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज छांयसा में आईपीडी सेवाओं को प्रारंभ करवाने की मांग को लेकर धरना दे रहा है, जो अपने आप में काबिले तारीफ है।

लोगों को सम्बोधित करते हुए रेफर मुक्त धरने के अगुआ सतीश चोपड़ा ने कहा कि वह तथा उनके सहयोग बाबा रामकेवल, अन्तर्राष्ट्रीय रणजी क्रिकेटर रहे संजय भाटिया, सचिन तंवर, वरूण श्योकंद, राकेश उर्फ रक्कू, एडवोकेट नरेन्द्र सिंह, अवधेश ओझा, संजय अरोड़ा, राजेश शर्मा, नवीन ग्रोवर, संजय पाल, सहित सैकड़ों साथी धरने को सफल बनाने में सहयोग कर रहे है और मुझे यकीन है कि आगामी कुछ दिनों में शुभ समाचार आएगा और धरने से संबंधित सभी मांगों को सरकार लिखित में पूरा करेगी। आज के धरने में अन्य के अलावा कुसुम शर्मा, बबीता, शिल्पी गुप्ता, रेखा बघेल, राजवती, संजीव कुशवाहा, मैडी हरदेव सिंह, यशवंत मौर्य, विनोद राठी, अवधेश ओझा, राजू, सुनील देव खन्ना, कैप्टन दिलीप, बिकानों भारती, आशीष सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी : आशीष जैन

**फरीदाबाद शहर के प्रसिद्ध युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में भाग लिया**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर के प्रसिद्ध युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने आज कन्फरडेशन ऑफ इडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) दिल्ली व मंत्रालय के निमंत्रण पर एशिया के सबसे बड़े ऑटो शो भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में भाग लिया जिसका उद्घघाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया। 22 जनवरी तक चलने वाले इस एक्सपो में देश-विदेश की कई ऑटो कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन करते समय पीएम ने ऑटो इंडस्ट्री को लेकर कहा कि भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है. कई देशों की आबादी भी उतनी नहीं है जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री ज़बरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब एक्सपोर्ट भी बढ़ रहा है। भारत सरकार ऑटो सेक्टर को हर लेवल पर सपोर्ट दे रही है। बीते एक दशक में इस इंडस्ट्री में एफडीआई टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और ग्लोबल पार्टनरशिप के नए रास्ते बनाए गए हैं। मोबिलिटी में अपना फ्यूचर देखने वाले हर सेक्टर के लिए



भारत एक शानदार इन्वेस्टर के लिए भी, शानदार डेसटिनेशन है। मैं आप सभी को फिर विश्वास दिलाता हूं, सरकार हर तरह से आपके साथ है।

आशीष जैन ने एक्सपो में भाग लेने के बाद कहा कि यह एक्सपो देश की आटोमोबाईल इंडस्ट्री के लिए गेमचेंजर माना जा रहा है। यह एक्सपो ना केवल उद्योग जगत को वैशिवक मंच पर स्थापित करेगा ब्लकि इलैक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में देश के प्रयासो को भी रफ्तार देगा। इस मौके पर मनोहर लाल खट्टर आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा, जीतन राम मांझी एमएसएमई मंत्री, हरदीप सिंह पुरी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, पीयूष गोयल उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री, नवीन जिंदल सांसद कुरुक्षेत्र व अध्यक्ष जिंदल स्टील एंड पावर और अन्य उद्योग कप्तान और मंत्रालय सचिव मौजूद थे।

# गुमशुदा लोगों को ढूंढने की मांग को लेकर अभिषेक गोस्वामी ने पुलिस आयुक्त से की मुलाकात

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी फरीदाबाद से अचानक गुमशुदा हो रहे लोगों को ढूढने. की मांग को लेकर युवा समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की और ढूंढने की मांग की।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में श्री गोस्वामी के अलावा डबुआ कालोनी आरडब्ल्यूए के प्रधान अमृतलाल, अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिला प्रभारी मयंक जुनेजा, बजरंग दल हरियाणा के पुनीत वशिष्ठ, समाजसेवी सुदेश



राणा के अलावा गुमशुदा एवं खोये हुए लोगों के परिजनों शामिल थे। श्री गोस्वामी ने बताया कि थाना सूरजकुण्ड में 24 अक्टूबर 2024 को सैक्टर-45 से गुमशुदा हुए रितेश के माता-पिता ने मामला दर्ज करवाया था। जिसका तीन माह बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग गया। परिजनों ने कहना है कि पुलिस इस मामले कोई सख्ताई से कार्य नहीं कर रही और उनके पुत्र के गायब होने में जिस पड़ोसी का हाथ है उसे बचा रही है। जिस पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि जल्द एक कैट टीम बनाकर उसे ढूंढने का प्रयास करेगें। इसके अलावा अन्य पीड़ित परिवारों ने भी बातें पुलिस आयुक्त को बताई। अभिषेक गोस्वामी ने बताया कि 2023 में उनके द्वारा डाली गई आरटीआई जिसमें शहर के बढ़ते क्राईम व गुमशुदा की जानकारी मांगी गई थी। जिसका जवाब उन्हें अभी तक नहीं मिला।

# चावल कॉलोनी में पानी की लाइन लीकेज की समस्या का हुआ समाधान

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम के बल्लभगढ़ ईस्ट चावला कॉलोनी में बोहरा पब्लिक स्कूल के पास पीने के पानी की लाइन में लीकेज की समस्या को दूर कर स्थानीय निवासियों को राहत दिलाने का काम किया है।

नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्री निवास के दिशा दिशा निर्देशों पर अधिकारियों समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को जल्द



निपटान के आदेश दिए गए हैं इन्ही आदेशों को ध्यान में रखते हुए तुरंत कार्यवाही अमल में लाते हुए पीने के पानी की लाइन में लीकेज की समस्या से लोगों को राहत देने का काम किया है। नगर निगम विभाग हमेशा शहरवासियों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए कार्य करता है और शिकायत मिलने पर तुरंत समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर रहता है।

## संपादकीय

# भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुसलिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति कोशांत कर लिया है।

यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेशसरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है। बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे। भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद बाड़बंदी मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा।

# हाईकोर्ट के आदेश दरकिनार, आईपीएस अधिकारी द्वारा आरोपों की जांच करने से पहले दर्ज हो एफआईआर, फिर करूंगा बेटे का अंतिम संस्कार : कैलाश चंद

### बागोत के मोहित सुसाइड केस में आया नया मोड

### मृतक के पिता ने द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए 3 दिन में अंतिम संस्कार करने के दिए थे आदेश

### 14 दिसंबर को हुआ था पोस्टमार्टम



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी कैलाश चंद द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी पर सुनवाई करते हुए माननीय न्यायधीश हरप्रीत सिंह बरार ने तीन दिन में मृतक मोहित का अंतिम संस्कार करने के आदेश दिऐ थे। कोर्ट ने वादी कैलाश चंद एवं प्रतिवादी पक्ष सुखदीप परमार सीनियर डीएजी हरियाणा की दलीलों को गंभीरतापूर्वक सुना। उसके बाद 3 दिन की अवधि के भीतर मोहित का दाह संस्कार करने, उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा जांच में सहयोग करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के सम्मुख भले ही कैलाशचंद ने ये आदेश मान लिए लेकिन वहां से लौटते ही यू टर्न ले लिया। कोर्ट में मामले की सुनवाई 20 मई तक स्थगित कर दी।

कोर्ट के आदेश की प्रति मिलने पर शुक्रवार को कनीना के एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार, महेंद्रगढ के थाना इंचार्ज युद्धवीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी कैलाश चंद के घर पंहुचे ओर 26 वर्षीय मोहित के अंतिम संस्कार करने की दलील दी। जिस पर कैलाशचंद ने कहा कि पुलिस पहले एफआईआद दर्ज करे ओर उसकी जांच आईपीएस अधिकारी करे। तब वह अपने बेटे का अंतिम संस्कार कर सकता है। जब उन्हें हाईकोर्ट के आदेश का ध्यान दिलाया तो उन्होंने कहा कि वे कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। लेकिन पुलिस पहले उन्हें केस दर्ज कर कॉपी दे उसके बाद दाह संस्कार करेगें। उनका मानना है कि एफआईआर दर्ज होने पर ही जांच हो सकेगी, एफआईआर दर्ज न होने की सूरत में कैसी जांच?

विदित रहे कि 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात करीब आठ बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने मौके पर पंहुचकर शव को कब्जे में लेकर उसे उपनागरिक अस्पताल कनीना में भिजवा दिया था। शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उन्होने कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश चंद ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था। पुलिस अधिकारी इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने की दलील देता रहा। जबकि मृतक से किसी प्रकार का सुसाईड नोट आदि नहीं मिला था। इसी प्रकरण में फंसकर मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका। पिछले 35 दिन से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। पुलिस कर्मचारी हालातों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

इस बारे में एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि कैलाश चंद का मामला माननीय अदालत में विचाराधीन है। निश्चित समयावधि में तथा अदालत के आदेश अनुसार कार्य किया जाएगा।

सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दोनों पक्षों को सुनकर शव का तीन दिन के अंतराल मे अंतिम संस्कार करने के आदेश दिए थे। इन आदेशों की प्रति शुक्रवार को अधिकारियों की उपस्थिति में कैलाश चंद को दी गई। जिन्होंने मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कही। लेकिन अंतिम संस्कार कब किया जायेगा इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

# 75 वर्षो से राष्ट्र की प्रगति के मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है भारतीय संविधान : एसडीएम वीरेन्द्र सिंह

### एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

### प्रस्तावना भारतीय संविधान की आत्मा : एसडीएम वीरेंद्र सिंह

### उपमंडल के विभिन्न कार्यालयों,खंड, गांव व शिक्षण संस्थानों में संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** लघु सचिवालय स्थित विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर संविधान प्रस्तावना का वाचन किया। सिवानी में एसडीएम वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में तथा लोहारू में नायब तहसीलदार शेखर नरवाल के अध्यक्षता में अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना का वाचन करवाया। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रस्तावना भारतीय संविधान की आत्मा है।

एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरुआत की है। यह निर्णय हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि यह समारोह *हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान* अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा हैं और इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं के योगदान का सम्मान करना है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया,जो 26 जनवरी 1950 से प्रभावी है। इस संविधान ने भारतीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत की। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान को अपनाया गया था, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि संविधान पिछले 75 वर्षों से राष्ट्र की प्रगति को आकार देने वाले मार्गदर्शक ढांचे के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना संविधान को दिशा और उद्देश्य देती है। प्रस्तावना से ही संविधान के विभिन्न प्रावधानों और विधियों को समझा जा सकता है। संविधान की



प्रस्तावना के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को निर्धारित करती है। जैसे कि स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, न्याय, सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक समानता। प्रस्तावना ही संविधान निर्माताओं की सोच और आदर्शों का उल्लेख करती है। यह संविधान को उचित रूप से लागू करने का निर्देश देती है। प्रस्तावना को संविधान के आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान के मौलिक दर्शन और मौलिक मूल्यों का उल्लेख करती है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना उन उद्देश्यों और सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों को भी स्थापित करती है, जिन्हें संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राप्त किया जाना है।संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम सभी कार्यालयों, गांवों, शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संविधान की प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का किया आयोजन

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू में शुक्रवार को एसडीएम मनोज दलाल के मार्गदर्शन में संविधान की प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में प्राचार्या पूनम श्योराण द्वारा विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। प्राचार्या ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया विद्यार्थियों ने उत्साह से वाचन किया। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। ये हम सभी के लिए श्रद्धा व आस्था का केंद्र है। सभी नागरिकों



को प्रस्तावना की जानकारी होने चाहिए। इस अवसर पर उप प्राचार्य उमेद सिंह, राजीव आर्य, अनिल सैनी, प्रवक्ता राजीव वत्स, दिनेश खेतान, सुरेश कुमार, ऋतु शर्मा, नीरज शर्मा, हसला खंड प्रधान मुकेश धानिया, सोमबीर, राजेश कुमार, सुशीला, ईश्वर सिंह, विद्याधर, अनिल कटारिया, सुमित श्योराण, राजेंद्र सिंह, सुनीत, रचना सोनी, जगवीर दहिया, कमला शर्मा, मुनेश, बबिता डीपीई, मुकेश, महेश आदि उपस्थित थे।

# फरवरी माह के दूसरे पखवाडे में हो सकते हैं स्थानीय निकाय चुनाव

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नगर पालिका कनीना के प्रधान व नगर पार्षदों का संवैधानिक कार्यकाल करीब डेढ साल बीत गया है। पहले ये चुनाव लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव के बाद तय माने जा रहे थे। अब जब वार्डबंदी तथा आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नव वर्ष 2025 में चुनाव माने जा रहे थे इसी दौरान केंद्र शाशित प्रदेश दिल्ली में विधान सभा चुनाव का बिगुल बज गया। वहां पर 5 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर हरियाणा प्रदेश के जनप्रतिनिधि कंपेनिंग कर रहे हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव के बाद फरवरी माह के दूसरे पखवाडे में स्थानीय निकाय के चुनाव होगें। हालांकि नगरवासी लोस चुनाव से पहले ही जोर आजमाइश करने लगे थे लेकिन पहले लोकसभा चुनाव व उसके बाद अब विधान सभा चुनाव का बिगुल बजने से संभावित प्रत्याशियों ने चुनावी बागाडोर ढीली छोड दी। अब जनवरी माह में वार्ड पार्षद एवं चेयरमैन के पद का आरक्षण होने के बाद पुन: लाव लश्कर के साथ चुनाव मैदान में कूदने लगे हैं। नगर पालिका चुनाव की तैयारी को देखते हुए कनीना में एक वार्ड बढने के साथ 14 वार्डों का गठन किया गया है। इन 14 वार्डों में कुल मतदाता 10413 है। नए नियम के अनुसार चुनाव होने हैं। जिसमें बीसीए वर्ग को भी आरक्षण दिया गया है। नगरपालिका कार्यकाल के बारे में सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि हाउस की प्रथम बैठक को तिथि मानकर कार्यकाल की गणना की जाती है जिसके अनुसार 14 जून 2018 को कनीना नगर पालिका हाउस की प्रथम बैठक हुई थी। जिसके चलते 13 जून 2023 को नगर पालिका प्रधान व नगर पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कनीना के एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत बतौर प्रशासक कार्य कर रहे हैं। हरियाणा की 22 नगर पालिका व 4 परिषदों में प्रधान के पद का निर्धारण करने के लिए पहली बार परिवार पहचान पत्र से आबादी के आंकड़े लेकर अनुसूचित वर्ग व पिछड़ा वर्ग-ए को तरजीह दी गई है। प्रदेश में अंबाला, थानेसर, सिरसा और पटौदी में नगर परिषद तथा कनीना, कलायत, बराड़ा, रादौर, इंद्री, नीलोखेड़ी, कलानौर, खरखौदा, बेरी, बवानी खेड़ा, लौहारू, सिवानी, हथीन, तावडू, फरुखनगर, अटेली मंडी, आदमपुर, नारनौंद, कालांवाली, जुलाना और सीवन में नगरपालिका चुनाव होने हैं।

# संविधान की रक्षा करना हर व्यक्ति का दायित्व : प्रदीप सिंह मलिक



### जिला में हुआ संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन

### अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने दिलाई संविधान प्रस्तावना की शपथ

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारत देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की ओर से मनाए जा रहे हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को जिला में जिला स्तरीय सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने इस अवसर पर जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आमजन को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इसके अलावा उपमंडल फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना तथा तावडू में भी संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी ने मिलकर संविधान की रक्षा और अनुपालना करने का संकल्प लिया।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि हमारा संविधान हमारे अधिकारों की रक्षा करता है। देश के प्रत्येक लोगों को समानता का अधिकार देता है। संविधान से ही सभी नागरिकों के अधिकार संरक्षित है। यह अधिकार हमें कर्तव्यबोध भी करवाते हैं। इसलिए देश के प्रत्येक नागरिक को अपने संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा और श्रद्धा रखनी चाहिए। भारत का संविधान एक लिखित दस्तावेज है, जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। इसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 1949 में भारत के संविधान को अपनाने के सम्मान में 26 नवंबर को प्रति वर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है। यह न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों पर जोर देता है। हमारा संविधान अधिकारों, मार्गदर्शक सिद्धांतों, नागरिक जिम्मेदारियां के साथ कर्तव्यों को पालन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम जिला के विभिन्न कार्यालयों, सरकारी व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों तथा स्थानीय निकायों जैसे ग्राम पंचायतों, नगर पालिका, नगर परिषद आदि में भी मनाया गया। इस अवसर पर सीटीएम अशोक कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़, एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक सहित प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# कागज के रिम बेचने वाली फर्म ने लगाई 54.5 हजार की चपत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** इंडिया मार्ट नामक प्लेटफॉर्म पर एवी एंटरप्राइजेज नामक फर्म ने एक व्यक्ति को झांसे में देकर साढे 54 हजार रूपये की चपत लगा दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में विजय सिंह पृथ्वीपुरा ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एवी एंटरप्राईजेज फर्म जो ए-4 साइज कागज रिम पेपर का काम करती है। जिससे कागज लेने के लिए मोबाईल पर बात हुई। 135 रूपये प्रति पेटी के हिसाब से रेट तय किए गए। उसके बाद उन्होंने 3-4 व 6 दिसंबर को साढे 54 हजार रूपये उसके बेंक खातों में भेज दिए। पेमेंट डालने के बाद फर्म के कारिंदों ने फोन उठाना बंद कर दिया। जिसकी शिकायत हेलपलाईन नम्बर 1930 पर की गई। पुलिस ने फर्म के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ कुशलपाल के द्वारा अपराध में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस चौकी बस स्टेण्ड की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी शिव सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी बस अड्डा बल्लबगढ़ में शिव सिंह वासी गांव जहरा जिला बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश हाल कृष्णा कालोनी सेक्टर-25 NIT ने बल्लबगढ़ एरिया से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी। जिसके संबंध में थाना शहर बल्लबगढ़ में 13 जनवरी को मामला दर्ज किया गया था। पुलिस चौकी के द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी संजू वासी आदर्श नगर बल्लबगढ़ को रेलवे रोड़ बल्लबगढ़ से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मजदूरी का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### इस्राइल-हमास समझौते पर लोगों में खुशी, सड़कों पर बजाए ढोल, अब बंधकों की रिहाई का इंतजार



**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर बनी सहमति पर लोगों ने खुशी जाहिर की। समझौते के बाद इस्राइल के तेल अवीव में सड़कों पर भीड़ नजर आई। लोगों ने कैंडल जलाकर और गीत गाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने कहा कि समझौते के बाद काफी राहत मिलेगी। इस दौरान लोगों ने बंधकों के बैनर पकड़कर ढोल बजाए और नारे भी लगाए। अब लोगों को बंधकों की रिहाई का इंतजार है। इस्राइली बंधकों और फलस्तीनी बंदियों की होगी रिहाई समझौते के तहत हमास और उससे जुड़े संगठन सात अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमलों के बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करेंगे। इसके बाद इस्राइल सैकड़ों फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। यह समझौता गाजा के लोगों के लिए एक साल से अधिक समय में पहली बार संघर्ष से राहत देगा और इस्राइल के हमलों के हमलों की शुरुआत के बाद से यह दूसरी बार होगा जब गाजा में युद्धविराम होगा। इस समझौते के तहत फलस्तीनी नागरिकों को गाजा के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति मिलेगी और गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाएगी, जहां के निवासी लंबे समय से भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। इस्राइल के प्रधानमंत्री ने समझौते के बाद ट्रंप और बाइडन का धन्यवाद किया। पीएम कार्यालय ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे सभी बंधकों को वापस लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अमेरिका के आने वाले राष्ट्रपति की इस टिप्पणी की सराहना की, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका इस्राइल के साथ मिलकर काम करेगा ताकि गाजा कभी भी आतंकवादियों का ठिकाना न बने।

### जो बाइडेन ने महामारी के दौरान राजनीति को किनारे रखकर सही काम करे : बराक ओबामा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राजनीति में 50 से अधिक वर्षों के लंबे करियर को समाप्त करते हुए देश को संबोधित करते हुए अपना विदाई भाषण दिया। इसके बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कोरोना महामारी के समय जो बाइडेन के द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की। बराक ओबामा ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, चार साल पहले महामारी के बीच में, हमें एक ऐसे नेता की जरूरत थी जो राजनीति को किनारे रखकर सही काम करे। जो बाइडेन ने यही किया। ऐसे समय में जब हमारी अर्थव्यवस्था डगमगा रही थी, उन्होंने 1.7 करोड़ नई नौकरियों, ऐतिहासिक वेतन वृद्धि और कम स्वास्थ्य देखभाल लागत के साथ दुनिया की सबसे मजबूत रिकवरी को आगे बढ़ाया। बराक ओबामा ने आगे कहा, उन्होंने हमारे देश के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए ऐतिहासिक कानून पारित किया। मैं जो बाइडेन के नेतृत्व, उनकी मित्रता और इस देश के प्रति उनकी आजीवन सेवा के लिए आभारी हूं। बता दें कि जो बाइडेन ने बुधवार को अपने विदाई भाषण में देश को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने गाजा में शांति का समझौता करा दिया है। उनके प्रशासन ने आठ महीने की लगातार वार्ता के बाद, हमास और इजरायल में युद्धविराम और बंधक समझौते को कराया। उन्होंने देश के लोगों से डोनाल्ड ट्रंप के तहत भविष्य में कुलीन वर्गों, दुष्प्रचार और एआई के खतरों के खिलाफ खड़े रहने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को महामारी से उत्पन्न गहरे संकट से बाहर निकालने में अपनी उपलब्धियों का जिक्र किया।

### यूके में भारतवंशी नर्स पर हमला

**लंदन, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम ब्रिटेन के ग्रेटर मैनचेस्टर स्थित रॉयल ओल्डहैम अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक नर्स पर कैंची से हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। वह अस्पताल की आपात चिकित्सा इकाई में रात्रि पाली में ड्यूटी कर रही थीं। मैनचेस्टर मैजिस्ट्रेट अदालत में नर्स का नाम अचम्मा चेरियन बताया गया। उन पर शनिवार रात हमला किया गया था। आरोपी रूमन हक (37) को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले की वजह फिलहाल नहीं बताई गई है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा कि रूमन पर मंगलवार को हत्या का प्रयास और ब्लेड वाली वस्तु रखने का आरोप लगाया गया। उसे अगले महीने मैनचेस्टर क्राउन अदालत में पेश करने के लिए हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की तरफ से जारी बयान के अनुसार, पीड़िता 50 साल की हैं और उन्हें हमले में गंभीर चोट आई हैं। उनका इलाज चल रहा है।

### बांग्लादेश में पूर्व सेना प्रमुख समेत 18 को 12 साल की कैद

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की विशेष अदालत ने बुधवार को पूर्व सेना प्रमुख हारुनुर रशीद और 18 अन्य लोगों को गबन और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 12 साल कैद की सजा सुनाई और 4,500 करोड़ टका से अधिक का जुर्माना भी लगाया। रशीद बांग्लादेश के सम्मानित अफसर रहे हैं। जज मोहम्मद रबीउल आलम ने सभी पर एक साथ 4,515.57 करोड़ टका का जुर्माना लगाया, जो गबन की राशि से दोगुनी है। सेना से सेवानिवृत्त होने के कई साल बाद राशिद को डेस्टिनी समूह ने निदेशक के तौर पर भर्ती किया था।

# बाइडेन का विदाई भाषण: कहा- कुछ वादे अधूरे रहे, कानून में बदलाव जरूरी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार देर रात ओवल ऑफिस अपना विदाई भाषण दिया। बाइडेन ने अपने आखिरी भाषण में कहा कि देश में अमीरों के एक छोटे वर्ग का वर्चस्व बढ़ रहा है। इससे देश और लोकतंत्र को खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने देश में टेक-इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स के उभार पर चिंता जताई। बाइडेन ने इसे अमेरिकी नागरिकों के अधिकारों को खतरा बताया। अपने कार्यकाल पर बात करते हुए उन्होंने कहा- हमने जो कुछ भी किया है, उसका असर दिखने में समय लगेगा, लेकिन बीज बो दिए गए हैं, वे बढ़ेंगे और आने वाले दशकों तक खिलेंगे। बुधवार सुबह बाइडेन ने एक लेटर भी जारी किया था। इसमें उन्होंने वादे अधूरे रहने की बात स्वीकार की थी। बाइडेन का यह भाषण ट्रम्प के पद संभालने से ठीक 5 दिन पहले हुआ। ओवल ऑफिस में दिए अपने आखिरी भाषण में उन्होंने अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुनिया में सिर्फ अमेरिका में ही ऐसा हो सकता है, जहां एक हकलाने वाला बच्चा राष्ट्रपति बन जाए।

**अमेरिका में फेक न्यूज का जाल फैला है :** बाइडेन ने कहा कि अमेरिकी लोगों पर फेक न्यूज का जाल फैला दिया गया है, और इसके जरिए सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। हमें संविधान में संशोधन करने की जरूरत है, जिससे तय हो सके कि कोई भी इंसान राष्ट्रपति पद रहते हुए अपने अपराधों से मुक्त नहीं है। उन्होंने कहा- कुछ शक्तिशाली ताकतें अपनी पावर का इस्तेमाल कर क्लाइमेंट चेंच के निपटने के लिए हमारे उठाए गए कदमों को खत्म करना चाहती हैं, जिससे वो अपने फायदे के लिए सत्ता का इस्तेमाल कर सकें। हमें अपने और अपने बच्चों के भविष्य की बलि चढ़ाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जजों के कार्यकाल तय करने, नैतिक सुधार करने और कांग्रेस सदस्यों के स्टॉक ट्रेडिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

**विदेश नीति पर पहले दे चुके हैं भाषण :** बाइडेन ने सोमवार को राजधानी वॉशिंगटन में विदेश नीति पर अपना आखिरी भाषण दिया था। इसमें उन्होंने दावा किया था कि चीन कभी अमेरिका से आगे नहीं निकल पाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान में युद्ध खत्म करने के फैसले को सही ठहराया था। बाइडेन को कैसे याद रखेगी दुनिया डिबेट के बाद रेस से बाहर होने वाले पहले राष्ट्रपति बाइडेन ने जुलाई में खुद को राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर कर लिया था। दरअसल, 27 जून को हुई पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडेन को ट्रम्प के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। हार के बाद से ही डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडेन की उम्मीदवारी को लेकर सवाल खड़े करने लगे थे। ट्रम्प पर हमले के बाद उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई, जिसके बाद बाइडेन को अपनी दावेदारी छोड़नी पड़ी। सबसे ज्यादा उम्र के अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन अमेरिका में राष्ट्रपति बनने वाले सबसे ज्यादा उम्र के शख्स बने। जब उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी तब उनकी उम्र 78 साल 220 दिन थी। ट्रम्प जब दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं, तब उनकी उम्र 78 साल 61 दिन है। अमेरिकी संविधान के मुताबिक ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकते। ऐसे में कुछ सालों तक बाइडेन का रिकॉर्ड कायम रहेगा। अमेरिकी इतिहास की सबसे लंबी जंग रोकी बाइडेन के दौर में ही अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की अफगानिस्तान से वापसी हुई। अमेरिकी सेना 20 साल से अफगानिस्तान में थी। इसे अमेरिका इतिहास की सबसे लंबी जंग कहा जाता है। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर दोबारा कब्जा कर लिया। रूस से लड़ने में यूक्रेन की मदद की बाइडेन ने रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन की मदद की। अमेरिका ने यूक्रेन को आर्टिलरी, रॉकेट सिस्टम, ड्रोन, टैंक और एयर डिफेंस सिस्टम दिया। इसके अलावा लंबी दूरी के मिसाइलों का इस्तेमाल करने की भी छूट दी।यूक्रेनी सैनिकों को ट्रेनिंग देने के लिए अमेरिकी डिफेंस एक्सपर्ट्स को भी भेजा गया। बाइडेन ने न सिर्फ यूक्रेन को अरबों डॉलर की आर्थिक मदद पहुंचाई। बल्कि अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी जुटाया। इसके अलावा अमेरिका ने रूस पर कड़े प्रतिबंध भी लगाए, जिससे रूस की आर्थिक हालत पर असर पड़ा।

**गाजा में हजारों मौत के बाद भी इजराइल का साथ दिया :** अमेरिका ने गाजा जंग शुरू होने के बाद एक साल में इजराइल को 18 अरब डॉलर (1.5 लाख करोड़) की सैन्य मदद इजराइल को दी। इसकी मदद ही से इजराइल ने ईरान, हमास, हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों का मुकाबला किया। गाजा में 45 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने के बाद भी अमेरिका इजराइल के समर्थन में खड़ा रहा जिससे अंतराष्ट्रीय स्तर पर इजराइली सेना पर जंग खत्म करने का दबाव नाकाफी साबित हुआ।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार केस में बरी



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और BNP नेता खालिदा जिया की भ्रष्टाचार केस में बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए खालिदा की 10 साल सजा को खारिज कर दिया। उन्हें पिछले साल अगस्त में जेल से रिहा किया गया था। 79 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दायर की थी। चीफ जस्टिस डॉ. सैयद रैफात की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने फैसले के पीछे खालिदा और बाकी लोगों पर बदले की मंशा से कार्रवाई करने का हवाला दिया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक खालिदा जिया के अलावा, BNP के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान और बाकी लोगों को भी रिहा कर दिया गया है। इन सभी को जिया अनाथालय ट्रस्ट घोटाले से जुड़े मामले में दोषी बनाया गया था।

**2018 में 10 साल की सजा मिली :** खालिदा जिया को 8 फरवरी 2018 को ढाका की स्पेशल कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में 5 साल की सुनाई थी। खालिदा के बेटे तारिक और अन्य 5 आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी। इन पर 2.1 करोड़ बांग्लादेशी टका का जुर्माना भी लगा था। तारिक और अन्य 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिया ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को सुनवाई करते हुए सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। इसके बाद खालिदा ने सजा के खिलाफ लीव-टू-अपील यानी सीधे सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की अपील की थी। 5 साल तक कानूनी प्रक्रियाओं के चलते इसमें देरी होती रही।

**इलाज के लिए लंदन में हैं खालिदा :** खालिदा लंबे समय से बीमार चल रही हैं। इस महीने की शुरुआत में 7 जनवरी को वे इलाज के लिए लंदन गई हैं। उन्हें कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने एयर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई थी। हसीना को लिवर सिरोसिस, हार्ट डिजीज और किडनी की बीमारी है। खालिदा जिया दो बार 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं।

## अफगानिस्तान में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया, आफ्टरशॉक की आशंका

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए. इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गई. फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार अफगानिस्तान में गुरुवार को रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया. अचानक से धरती से हिलने के बाद लोग घबरा गए. हालांकि, भूकंप यहां के लोगों के लिए कोई नई बात नहीं है. इस आपदा से यहां के लोग अभ्यस्त हो चुके है. यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं. मंगलवार को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. भूकंप का केंद्र 180 किमी की गहराई पर था. यह भूकंप बुधवार को आए रिक्टर पैमाने पर 4 तीव्रता वाले भूकंप का आफ्टरशॉक था. अब फिर से यहां आफ्टरशॉक की आशंका है. इससे पहले मंगलवार को अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ताजिकिस्तान में 4.1 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप 28 किमी की गहराई में था. रेड क्रॉस के अनुसार, अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंपों का इतिहास रहा है. हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला भूगर्भीय रूप से सक्रिय क्षेत्र है जहां हर साल भूकंप आते हैं. अफगानिस्तान भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के बीच कई फॉल्ट लाइनों पर स्थित है. इसमें एक फॉल्ट लाइन सीधे शहर हेरात से होकर गुजरती है।


# इजराइल-हमास में 19 जनवरी से सीजफायर शुरू होगा:बाइडेन और ट्रम्प में क्रेडिट लेने की होड़

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल-हमास के बीच गाजा में पिछले 15 महीनों से जारी जंग रविवार, 19 जनवरी को थम जाएगी। इसके लिए दोनों में सीजफायर और बंधकों की रिहाई से जुड़ी डील फाइनल हो गई है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल-थानी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। डील के मुताबिक हमास अपनी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों के रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी हमास के लोगों को छोड़ेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक कतर पीएम थानी ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की, जिसके बाद ये डील पूरी हुई। डील को लेकर अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प में क्रेडिट की होड शुरू हो गई है। दूसरी तरफ गाजा में अभी भी इजराइली हमले जारी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को इजराइली हमले में 5 लोगों की मौत हुई है।

**बाइडेन और ट्रम्प में क्रेडिट वॉर :** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को सीजफायर का क्रेडिट लेने का दावा किया। व्हाइट हाउस ने इस डील में ट्रम्प के प्रतिनिधि को भी शामिल किया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये ऐतिहासिक समझौता, राष्ट्रपति चुनाव में हमारी जीत की वजह से हो पाया। ट्रम्प ने कहा कि ये डील मेरे प्रशासन की शांति स्थापित करने और अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास का सबूत है। वहीं बाइडेन ने व्हाइट हाउस से अपने आखिरी भाषण में डील का जिक्र करते हुए कहा कि- सीजफायर के लिए हमारे कूटनीतिक प्रयास कभी रुके नहीं। यह समझौता हमास पर बढ़ते दबाव, क्षेत्रीय समीकरणों में बदलाव और लेबनान में सीजफायर के बाद ही संभव हो सका। यह अमेरिका की कूटनीति नतीजा है। इजराइली राष्ट्रपति ने कैबिनेट से डील को मंजूरी देने को कहा इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कैबिनेट से सीजफायर डील को मंजूरी देने के लिए कहा है। हर्जोग ने कहा कि- हम 7 अक्टूबर के हमले को रोकने में अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाए। अब हमें इसे सुधारने के लिए कदम उठाने चाहिए। हर्जोग ने डील के लिए प्रधानमंत्री नेतन्याहू और बातचीत में शामिल लोगों को धन्यवाद भी दिया। साथ ही डील को मंजूरी देकर इजराइली नागरिकों वापस लाने की अपील की। हमास की शर्त ये है कि सीजफायर डील के पहले चरण में इजराइली सेना गाजा सीमा से 700 मीटर पीछे अपने इलाके में चली जाएगी। फिलहाल इस सीजफायर डील को इजराइली कैबिनेट में पेश होना बाकी है।



## चीन की वैश्विक उन्नति पर भड़के ट्रंप के विदेश मंत्री, साइबर अपराधों और जासूसी के लिए ठहराया दोषी



**वाशिंगटन, एजेंसी।** बीजिंग पर कड़ी नजर रखने वाले अमेरिका के भावी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने चीन के वैश्विक महाशक्ति के दर्जे पर पहुंचने के लिए सबसे बढ़िया परिभाषा का इस्तेमाल किया है। बिना किसी संकोच के, मार्को रुबियो, जो अमेरिका की विदेश नीति के दृष्टिकोण को नई दिशा देंगे, ने चीन को झूठा, धोखेबाज और चोर कहा, जबकि साइबर अपराधों और जासूसी के लिए उसे दोषी ठहराया है। इस दौरान मार्को रुबियो ने यह भी स्पष्ट किया कि 20 जनवरी से, सभी विदेश नीति निर्णय केवल एक प्रमुख मानदंड के आधार पर लिए जाएंगे - क्या निर्णय संयुक्त राज्य अमेरिका को सुरक्षित, मजबूत और अधिक समृद्ध बनाते हैं।

**उन्होंने झूठ बोला, धोखा दिया- मार्को रुबियो :** वहीं अमेरिका की तरफ से चीन के प्रति दिखाए गए सद्भावना के बारे में पश्चाताप भरे लहजे में बोलते हुए, मार्को रुबियो ने कहा, हमने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का इस वैश्विक व्यवस्था में स्वागत किया। और उन्होंने इसके सभी लाभों का लाभ उठाया। लेकिन उन्होंने इसके सभी दायित्वों और जिम्मेदारियों को नजरअंदाज कर दिया,। उन्होंने आगे कहा कि इसके बजाय, उन्होंने झूठ बोला, धोखा दिया, जासूसी किया और हमारी कीमत पर वैश्विक महाशक्ति का दर्जा हासिल करने के लिए चोरी की। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अचानक विदेश नीति में बदलाव का संकेत देते हुए, अमेरिका के भावी विदेश मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था न केवल अप्रचलित है; यह अब हमारे खिलाफ इस्तेमाल किया जाने वाला एक हथियार है। उन्होंने जो बाइडन की विदेश नीति के रुख को खारिज कर दिया, जिसमें अमेरिका के नेतृत्व वाली उदार विश्व व्यवस्था है, जो नियम-आधारित प्रणाली को प्राथमिकता देती है। इसके बजाय उन्होंने ट्रंप के नेतृत्व में एक आक्रामक अमेरिकी रुख की वकालत की, जो इसके मूल उद्देश्य - अमेरिका फर्स्ट के इर्द-गिर्द घूमता है। आने वाला प्रशासन साहसिक कूटनीति पर काम करेगा- मार्को रुबियो चीन को केंद्र में रखते हुए, मार्को रुबियो ने दुनिया भर में तानाशाही के एक साथ आने के खतरों के बारे में चेतावनी देते हुए कहा कि बीजिंग के अलावा, मॉस्को, तेहरान और प्योंगयांग के तानाशाह दुनिया में अराजकता और अस्थिरता फैलाते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप का आने वाला प्रशासन यूक्रेन में युद्ध को प्राथमिकता के आधार पर खत्म करने के लिए निर्णायक फैसला लेगा और साहसिक कूटनीति पर काम करेगा। बता दें कि, क्यूबा के श्रमिक वर्ग के आप्रवासियों के पुत्र मार्को रुबियो, अमेरिकी विदेश मंत्री बनने वाले पहले हिस्पैनिक और पहले धाराप्रवाह स्पेनिश बोलने वाले व्यक्ति बनेंगे।

## गलत नीतियों से बढ़ रहा माइक्रोप्लास्टिक कचरा, रीसाइकल करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंध न होने और गलत नीतियों के कारण यह दिनोंदिन दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पिछले एक दशक के दौरान दुनियाभर में खासकर यूरोप में प्लास्टिक का उपयोग बहुत बढ़ गया है। 2021 में यूरोपीय संघ (ईयू) में हर एक व्यक्ति ने औसतन 36 किलो प्लास्टिक पैकेजिंग का कचरा पैदा किया। उस साल उत्पन्न 1.6 करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक पैकेजिंग में से केवल 65 लाख टन ही रीसाइकिल हो पाया। यह जानकारी काउनास यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (केटीयू) के शोधकर्ताओं की अगुवाई में किए गए एक अध्ययन से सामने आई है। सस्टेनेबिलिटी नामक जर्नल में इसके निष्कर्ष प्रकाशित किए गए हैं। अध्ययन के अनुसार, दुनियाभर में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग गंभीर समस्या बनी हुई है। रीसाइक्लिंग की कमी से न केवल लैंडफिल, भस्मीकरण संयंत्रों और प्रकृति में छोड़े गए कचरे की मात्रा बढ़ रही है, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक के निर्माण में भी बढ़ोतरी होती है जो लगातार पारिस्थितिकी तंत्र और मनुष्य की सेहत के लिए खतरनाक बनता जा रहा है। हालांकि, प्लास्टिक कचरे को कम करना दुनिया का पहला लक्ष्य बना हुआ है, लेकिन पहले से प्रचलन में मौजूद प्लास्टिक के प्रबंधन के लिए रीसाइक्लिंग जरूरी है। 2025 तक 50 फीसदी प्लास्टिक को रीसाइकल करने का लक्ष्य यूरोपीय संघ हासिल नहीं कर पाया। अब 2030 तक 55 फीसदी का लक्ष्य रखा गया है।



**समस्या के समाधान के लिए व्यापक नजरिए की जरूरत :** शोधकर्ताओं के अनुसार, स्थिति को सुधारने के लिए कचरे की प्रबंधन प्रक्रिया को केवल एक तरफ से हल नहीं किया जा सकता है। यह बहुआयामी समस्या है। इसलिए इसके प्रति व्यापक नजरिए की जरूरत है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कानूनी पहलुओं पर विचार किए बिना केवल रीसाइक्लिंग तकनीकों को बेहतर बनाने या नए तरीके खोजने पर जोर देना ही सही नहीं है। यह नजरिया न केवल समस्या से निपटने में विफल होगा, बल्कि अन्य पहलुओं पर विचार करने की प्रक्रिया को धीमा कर सकता है। यह समझने के लिए कि बाहरी कारण, प्लास्टिक पैकेजिंग रीसाइक्लिंग को कैसे प्रभावित करते हैं एक मैक्रो-पर्यावरणीय विश्लेषण किया गया। इसके तहत छह प्रमुख क्षेत्रों की जांच की गई।

# पीएम पद छोड़ने के बाद राजनीति से भी संन्यास लेंगे जस्टिन टूडो? नहीं लड़ेंगे अगला चुनाव

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने घोषणा करते हुए कहा है कि वह अगले आम चुनावों में भाग नहीं लेंगे। कनाडा में आम चुनाव इस साल अक्टूबर में होने वाले हैं लेकिन यह तय समय से पहले भी हो सकते हैं। ओटावा में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रूडो ने कहा, मैं आगामी चुनाव में हिस्सा नहीं लूंगा। यह मेरा अपना फैसला है। यह बयान उस समय आया है जब ट्रूडो कनाडाई प्रांतों के प्रमुखों के साथ अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ सामंजस्य स्थापित करने की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। 53 वर्षीय ट्रूडो ने अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर अनिश्चितता जाहिर की और कहा, भविष्य में मैं क्या करूंगा, इसके बारे में मैंने अभी तक ज्यादा नहीं सोचा है। फिलहाल, मैं उन कामों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, जिनके लिए कनाडाई नागरिकों ने मुझे चुना है।

**2015 में सत्ता में आए थे ट्रूडो :** जस्टिन ट्रूडो पहली बार 2008 में क्यूबेक के पापिनो निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। इसके बाद, उन्होंने 2015 में जबरदस्त जीत के साथ प्रधानमंत्री पद संभाला, जिसमें उनकी लिबरल पार्टी ने 338 में से 184 सीटें जीती थीं। हालांकि, 2019 और 2021 के चुनावों में वह बहुमत हासिल नहीं कर सके।

**नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया :** 6 जनवरी को ट्रूडो ने घोषणा की थी कि लिबरल पार्टी का नया नेता चुने जाने के बाद वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। पार्टी के नेतृत्व चुनाव की प्रक्रिया 9 मार्च को समाप्त होगी और नए नेता के चयन के साथ ट्रूडो की जगह कोई और प्रधानमंत्री पद संभालेगा। नेतृत्व की दौड़ में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को 23 जनवरी तक आवेदन करना होगा। प्रमुख दावेदारों में पूर्व बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर मार्क कार्नी और पूर्व उपप्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के नाम शामिल हैं। कार्नी गुरुवार को एडमंटन में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर सकते हैं, जबकि फ्रीलैंड 20 जनवरी तक अपने इरादे स्पष्ट कर सकती हैं।



**पार्टी के भीतर असंतोष :** 2024 के अंत तक, ट्रूडो को पार्टी के भीतर बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ा। 16 दिसंबर को वित्त मंत्री के पद से क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे ने पार्टी में अस्थिरता को और बढ़ा दिया। इसके बाद लगभग 100 सांसदों ने ट्रूडो के जल्द इस्तीफे की मांग की। अंततः, ट्रूडो को पद छोड़ने की घोषणा करनी पड़ी।

**नए नेताओं के नाम पर चर्चा :** अब तक औपचारिक रूप से जिन नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है, उनमें इंडो-कनाडाई सांसद चंद्र आर्या शामिल हैं। हालांकि, संभावित प्रमुख उम्मीदवारों जैसे विदेश मंत्री मेलानी जोली, डोमिनिक लेब्लांक, फ्रांस्वा-फिलिप शांपेन और रक्षा मंत्री अनिता आनंद ने नेतृत्व की दौड़ में शामिल होने से इनकार कर दिया है। लिबरल पार्टी हाल के महीनों में 20 प्रतिशत से भी कम समर्थन स्तर पर है। वह विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी से करीब 25 प्रतिशत अंकों से पीछे चल रही है। ट्रूडो का यह फैसला कनाडा की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाएगा, जहां लिबरल पार्टी को नए नेतृत्व के साथ नई दिशा में आगे बढ़ने की चुनौती होगी।

# ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए तैयार है रिलायंस इंडस्ट्रीज: मुकेश अंबानी

### - कंपनी का मुनाफा 17,265 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली ।**
रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी तीसरी तिमाही के रिजल्ट जारी करके अपने उच्च स्तरीय वित्तीय प्रदर्शन की गरिमा को साबित किया है। इस दौरान कंपनी ने आय और मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है, जिससे उसकी स्थिति मजबूत हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 17,265 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा है। नतीजों पर बात करते हुए कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि आरआईएल ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए तैयार है। मुकेश अंबानी ने कहा कि हमारी जामनगर रिफाइनरी की 25वीं वर्षगांठ पिछले महीने मनाई गई। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि रिलायंस तेजी से आगे बढ़ रहा है और नित नए मानक स्थापित कर रहा है। इससे हमारे व्यवसायों में निहित ताकत और लचीलेपन की भी झलक मिलती है। मुकेश अंबानी ने बढ़ते डिजिटल सेवा व्यवसाय और रिटेल सेगमेंट के सफलतापूर्वक प्रदर्शन पर जोर दिया है। जियो की टीम ने नए भारत की टेक्नोलॉजी क्षमताओं में भूमिका निभाई है, जो उसके ग्राहकों को उत्कृष्ट डिजिटल अनुभव प्रदान करने में मदद करता है। रिटेल सेगमेंट में रिलायंस ने भी अपने अच्छे प्रदर्शन के साथ कई उपयोगी प्रस्तुतियाँ की है। उनकी ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन और व्यापक पहुंच द्वारा, वे ग्राहकों को उत्तम खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रही हैं। ओ2सी व्यवसाय ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है, जिससे रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार हुआ और पेट्रोकेमिकल डेल्टा में भी सुधार देखा गया है। रिलायंस के चेयरमैन का कहना है कि कंपनी तैयार है ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए, जो उसके उच्च स्तरीय वित्तीय प्रदर्शन की गरिमा को साबित करता है। इससे स्पष्ट होता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए ऊर्जा और क्रियाशीलता की दिशा में उच्च स्तर पर प्रगति की है और निकट भविष्य में भी यहाँ अच्छे परिणाम की उम्मीद की जा सकती है।

# जापान में नया फोल्डेबल फोन नूबिया फलीप 2 लॉन्च

**नई दिल्ली ।**



जापान में नूबिया ने अपना नया फोल्डेबल फोन नूबिया फलीप 2 पेश कर दिया है। नूबिया फलीप 2 का सबसे बड़ा बदलाव इसका कवर स्क्रीन है, जिसे गोल स्क्रीन से बदलकर अब रेक्टेंगुलर डिस्प्ले में बदल दिया गया है।

यह नया फोन पिछले मॉडल की तुलना में कई सुधारों के साथ आया है, जिससे यह उपयोगकर्ताओं के लिए और भी आकर्षक बन गया है। इसमें 3 इंच का डिस्प्ले है, जो 422गुणा682 पिक्सल के रिजॉल्यूशन के साथ आता है, जिससे यूजर्स को बिना फोन खोले ऐप्स और नोटिफिकेशन पर त्वरित एक्सेस मिलता है। इसमें 6.9 इंच का ओलेड पैनल है, जो 120एचझेड रिफ्रेश रेट और फुल एचडी प्लस रिजॉल्यूशन के साथ आता है। फोन में 4300 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो फास्ट चार्जिंग का समर्थन करती है। इसके अलावा, यह फोन आईपीएक्स 2 वॉटर रेजिस्टेंट और आईपी4एक्स डस्ट रेजिस्टेंट रेटिंग के साथ आता है, जिससे यह हल्के पानी और धूल से सुरक्षित रहता है।

यह फोन करीब 35,000 रुपये की कीमत में उपलब्ध है और यह ब्लैक, व्हाइट और ब्लू रंगों में उपलब्ध है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है, जबकि ड्यूल कैमरा सेटअप में 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर है। नूबिया फलीप 2 में मीडियाटेक डाइमेंसिटी डी7300एक्स प्रोसेसर है, जिसे 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है।

## भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी- विश्व बैंक

### - वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर स्थिर रखा गया

**नई दिल्ली ।**
विश्व बैंक ने कहा है कि भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर स्थिर रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार और विनिर्माण गतिविधियों में मजबूती की उम्मीद है। सरकार की लॉजिस्टिक्स इंफास्ट्रक्चर सुधार और कर सुधारों की पहल इन क्षेत्रों को बढ़ावा देगी। विश्व बैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2025 और 2026 में 2.7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो 2024 के समान रहेगा। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अगले दो वर्षों में 4 फीसदी की स्थिर वृद्धि का अनुमान है। विश्व बैंक के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि अगले 25 साल विकासशील देशों के लिए पिछले 25 वर्षों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होंगे। उच्च ऋण, कमजोर निवेश और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियां इन देशों के सामने होंगी। इन चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू सुधारों पर जोर देना होगा। विश्व बैंक ने कहा कि भारत की निजी खपत वृद्धि मजबूत श्रम बाजार, विस्तारित क्रेडिट और घटती मुद्रास्फीति से बढ़ेगी। हालांकि, सरकारी खपत वृद्धि सीमित रह सकती है। भारत की विकास दर 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेश में कमी और कमजोर विनिर्माण गतिविधियों के कारण यह गिरावट देखी जाएगी। हालांकि, सेवा क्षेत्र स्थिर है और कृषि क्षेत्र में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय में सुधार के चलते निजी खपत लचीली बनी हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में उच्च मुद्रास्फीति और धीमी क्रेडिट वृद्धि ने खपत को प्रभावित किया है। विश्व बैंक ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र में राजकोषीय नीतियां कड़ी रहेंगी। भारत में कर राजस्व में वृद्धि से राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद है। हालांकि, नीतिगत अनिश्चितताएं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार नीतियों में बदलाव क्षेत्र के लिए जोखिम बने रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि संरक्षणवादी नीतियों में वृद्धि, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोप में, दक्षिण एशियाई देशों के निर्यात को प्रभावित कर सकती है।

## मेटा में फिर होगी छंटनी, करीब 3,600 कर्मचारियों को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता




**मुंबई ।**
फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मालिकाना हक रखने वाली कंपनी मेटा में जल्द ही छंटनी होने वाली है। दरअसल, मेटा इस साल अपने सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 5 फीसदी कर्मचारियों को बाहर करने की योजना बना रही है। ताकि उनकी जगह नए कर्मचारियों को रखा जा सके। यह जानकारी आंतरिक मेमो के द्वारा कर्मचारियों को दी गई है। सितंबर तक मेटा में करीब 72 हजार लोग काम कर रहे थे। इसके बाद 5 फीसदी की कटौती से करीब 3,600 नौकरियों पर असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मार्क जुकरबर्ग ने पोस्ट में कहा, मैंने परफॉर्मेंस का पैमाना को ऊंचा करने और लो परफॉर्मर को तेजी से हटाने का फैसला लिया है.

जुकरबर्ग ने कहा, हम आमतौर पर उन लोगों को एक साल के दौरान बाहर कर देते हैं जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। लेकिन अब हम इस साइकिल में परफॉर्मेंस-बेस्ड कटौती को और व्यापक रूप से करने वाले है। अपने ताजा मेमो में जुकरबर्ग ने साफ किया कि परफॉर्मेंस-बेस्ड कटौती का मकसद मेटा के परफॉर्मेंस मैनेजमेंट प्रोसेस को तेज करना है और इन रोल को 2025 में फिर से भरा जाएगा।

बता दें कि साल 2022 से ही दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में लगातार छंटनी चल रही है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब मेटा ने नौकरियों में कटौती का ऐलान किया है। बता दें कि जुकरबर्ग ने साल 2023 को कंपनी का 'ईयर ऑफ एफिशिएंसी' घोषित किया था और तब मेटा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरियों से निकलाने की घोषणा की थी। मेटा ने साल 2022 से लगभग 21 हजार नौकरियों में कटौती की थी।

# नोएडा में 18 नई कंपनियां 5 हजार करोड़ का करेंगी निवेश

### - 16 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

**नोएडा ।**





नोएडा में विकास की रफ्तार को नई दिशा देने के लिए 18 नई कंपनियां तैयार हैं, यह कंपनियां जल्द ही करीब 4800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश उद्योग, संस्थागत, व्यावसायिक और आवासिय क्षेत्रों में होगा, जो न केवल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि 16 हजार से अधिक लोगों के लिए नए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। नोएडा प्राधिकरण ने इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने 90 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सर्टिमोनी की योजनाएं बनाई थीं। अब तक 315 परियोजनाओं से 78,563 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 87.29 प्रतिशत है। हाल ही में पांच नई कंपनियों ने 1517 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे 4,240 लोगों को नई रोजगार की संभावना है। अगले कुछ सप्ताहों में, 13 अन्य कंपनियां भी 3253 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे 11,770 और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। नोएडा में निवेश के लिए 315 कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है, जिसमें 159 औद्योगिक, 118 संस्थागत, 22 व्यावसायिक कंपनियां और 16 हाउसिंग परियोजनाएं शामिल हैं। प्राधिकरण ने इन सभी कंपनियों को भूखंड आवंटित कर दिया है, जिससे नोएडा के विकास में नई ऊंचाइयां स्थापित होंगी।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 86.60 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ ही 108.80 पर रहा।




## एनसीएलएटी ने एटिवो में आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को किया बहाल

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) ने आईएलएंडएफएस फाइनेंशियल सर्विस (आईएफआईएन) के 593 करोड़ रुपये के दावों को बहाल कर दिया है। इस फैसले से एटिवो इकोनॉमिक जोन्स की मौजूदा दिवाला समाधान प्रक्रिया में ऋणदाताओं की समिति के मतदान अधिकार भी बहाल कर दिए गए हैं। इससे पहले, कोलकाता स्थित श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस (एसआईएफएल) का हिस्सा और औद्योगिक पार्कों के विकास, प्रबंधन व विपणन के व्यवसाय में शामिल एटिवो इकोनॉमिक जोन्स के अंतरिम समाधान पेशेवर ने 12 सितंबर 2023 को आईएलएंडएफएस समूह इकाई के दावों को खारिज कर दिया था। एनसीएलएटी ने यह निर्णय लेते समय कहा कि इससे आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को खारिज करने वाले 12 सितंबर 2023 के पत्र को जारी करने की आवश्यकता नहीं है। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने इस निर्णय का समर्थन किया। एनसीएलएटी ने आईआरपी द्वारा 12 सितंबर 2023 का पत्र रद्द कर दिया गया है और 39.14 प्रतिशत मतदान अधिकार को एटिवो इकोनॉमिक जोन (मुंबई) प्राइवेट लिमिटेड के सीआईआरपी में बहाल किया गया है। आईएलएंडएफएस ने करीब 593 करोड़ रुपये का दावा दायर किया था, जिसे एटिवो इकोनॉमिक जोन के आईआरपी ने स्वीकार किया और ऋणदाताओं के समिति में 39.14 प्रतिशत की हिस्सेदारी आवंटित की।

## वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी

### - बीएसई में कंपनी के शेयर शुक्रवार को 1044.70 रुपए पर खुले, कुछ देर बाद गिरे

**नई दिल्ली ।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है, जिससे निवेशकों में चिंता की लहर दौड़ रही है। शुक्रवार को बीएसई में कंपनी के शेयर 1044.70 रुपए पर खुले और कुछ ही देर बाद 7 फीसदी से अधिक गिरकर 1001.05 रुपए तक पहुंच गए। इंट्रा-डे हाई 1058.70 रुपए पर दर्ज किया गया, जो निवेशकों को एक सामान्य स्थिति में देखने के लिए आशंकायुक्त था। कंपनी की आर्थिक स्थिति भी विवादित है, क्योंकि दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 17 फीसदी घटकर 53.5 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 64.20 करोड़ रुपए था। हालांकि, कंपनी की इनकम में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। निवेशकों के लिए एक राहत की खबर यह है कि कंपनी ने हाल ही में प्रत्येक शेयर पर 1 रुपए का डिविडेंड घोषित किया है, जिसके लिए 24 जनवरी को रिकॉर्ड डेट तय की गई है। कंपनी के शेयरों में बीते 6 महीनों में 46 फीसदी की गिरावट आई है, जो निवेशकों को चिंताजनक लग रही है। हालांकि, लंबी अवधि में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है, पिछले 5 वर्षों में 31,000 फीसदी से अधिक का रिटर्न देकर निवेशकों को आकर्षित किया था।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 423 , निफ्टी 108 अंक गिरा

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबरी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। इसके साथ ही बैंकिंग व आईटी स्टॉक्स में हुई बिकवाली के कारण भी बाजार नीचे आया। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 423 अंक करीब 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,619 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 108 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी की गिरावट लेकर 23,203 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 30 कंपनियों में से इंफोसिस तथा एक्सिस बैंक के शेयर में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। कोटक बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे।

दूसरी ओरी जोमैटो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में दो फीसदी से अधिक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एलएंडटी, सनफार्मा के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

बाजार जानकारों के अनुसार दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक जैसे आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली की वजह से आज शेयर बाजार टूटा। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। वहीं इससे पहले आज सुबह बैंक और आईटी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार गिरा। जबकि इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को सपोर्ट मिला है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 76,557.79 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 144.75 अंक गिरकर 23,167.05 अंक पर पहुंच गया। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। एएसएक्स 200 सपाट रहा, जबकि निक्केई में 0.21 फीसद की गिरावट और टोपिक्स में 0.48 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कोस्पी लगभग स्थिर रहा। चीन के दिसंबर औद्योगिक उत्पादन, रिटेल बिक्री और चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 5 फीसदी सालाना रहने की संभावना है, जो पिछली तिमाही के 4.6 फीसदी से बेहतर है। इसके अलावा सिंगापुर के दिसंबर गैर-तेल निर्यात आंकड़े भी निवेशकों की रुचि का केंद्र बने हुए हैं। वहीं अमेरिका में शुरुआती बढ़त के बाद बाजार लाल निशान में दिखे। एसएंडपी 500 तीन दिन की तेजी को तोड़ते हुए 0.21 फीसदी गिरा। नेस्डेक में 0.89 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। डाओ जोंस 0.16 फीसदी गिरकर 43,153.13 पर बंद हुआ

## ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में गिरावट, बजाज और टीवीएस में बढ़त

### टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक, जिसे पहले भारतीय बाजार में नंबर वन पर देखा जाता था, अब गिरती बिक्री का सामना कर रही है। ग्राहकों ने ओला की गुणवत्ता और आफ्टर सेल सर्विस की वजह से उससे दूरी बनानी शुरू कर दी है। पिछले महीने के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक ओला की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। इसी बीच बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी बढ़त दिखाई है। टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है, जबकि बजाज ने 25 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे पायदान पर जगह बनाई है। ओला को अपनी बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दूसरी कंपनियां अपनी बढ़त के साथ बाजार में अच्छी पोजीशन बना रही हैं। यह स्थिति ओला के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है और दरअसल बाजाज और टीवीएस इस सेगमेंट में अपनी प्रतिष्ठा बनी हुई हैं।

## फर्जी एसबीआई रिवार्ड मैसेज साइबर धोखाधड़ी का खतरा

### - मैसेज नहीं भेजने की स्पष्ट चेतावनी जारी

**नई दिल्ली ।** एक गंभीर साइबर सुरक्षा खतरे को लेकर भारतीय साइबर सुरक्षा ने चेतावनी जारी की है। एक फर्जी मैसेज जो एसबीआई रिवार्ड का दावा कर रहा है, उसमें एक फर्जी एपीके फाइल को डाउनलोड करने के लिए कहा जा रहा है। फार्जी मैसेज में दावा किया जा रहा है कि एसबीआई रिवॉर्ड पॉइंट मिलने के लिए एपीके फाइल डाउनलोड की जानी है, लेकिन यह सच नहीं है। एसबीआई ने भी इस पर विचार करते हुए इस तरह के मैसेज नहीं भेजने की स्पष्ट चेतावनी जारी की है। एसबीआई एक एंड्रॉइड पैकेज किट (एपीके) फाइल एसएमएस या व्हॉट्सएप के माध्यम से नहीं भेजता है, और इनकी रिवॉर्ड लेने के लिए कोई भी एपीके डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है। फर्जी एपीके फाइल को डाउनलोड करने से आपके पर्सनल डेटा और वित्तीय सुरक्षा पर खतरा हो सकता है। इस तरह के लिंकों से बचें और अनजान स्रोतों से इनस्टॉलेशन न करें। साइबर अपराधियों की इस धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें और ऐसे मैसेजों को तुरंत रिपोर्ट करें। सुरक्षित रहें, साइबर अपराधियों से बचें।

# इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या भारत में 900 मिलियन के पार

### - ग्रामीण भारत बना मुख्य केंद्र

**नई दिल्ली ।**



एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं की संख्या इस साल 900 मिलियन को पार करने वाली है। अनुमानों के अनुसार, 2024 में सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 886 मिलियन तक पहुंच गई है, जिसमें वर्ष-ब-वर्ष 8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के पीछे मुख्य कारण माना जा रहा है भारतीय भाषाओं में उपलब्ध डिजिटल कंटेंट का बढ़ता हुआ उपयोग है, जिससे क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण भारत, जहां 488 मिलियन उपयोगकर्ता हैं, कुल इंटरनेट जनसंख्या का 55 फीसदी हिस्सा बनाता है। इन क्षेत्रों में इंटरनेट की मांग तेज़ी से बढ़ रही है और इसकी वृद्धि दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है। ग्रामीण भारत में महिलाएं भी इस डिजिटल क्रांति का अहम हिस्सा बन रही हैं, क्योंकि कुल महिला उपयोगकर्ताओं का 58 फीसदी हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों से आता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 98 फीसदी इंटरनेट उपयोगकर्ता भारतीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग कर रहे हैं, तमिल, तेलुगु, और मलयालम जैसी भाषाएं सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। शहरी क्षेत्रों में भी 57 फीसदी उपयोगकर्ता क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की मांग को दर्शाता है। देश में कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में महिलाओं की भागीदारी 47 फीसदी तक पहुंच गई है, जो अब तक का सबसे अधिक है।

## ट्रम्प के व्यापार प्रतिबंधों से भारतीय निर्यात को मिल सकती है चुनौतियां



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा व्यापार प्रतिबंधों की चपेट में आने के कारण भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में चीन द्वारा अपने निर्यात को और आक्रामक बनाने की संभावना है। एक रिपोर्ट में इस विषय पर जानकारी दी है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय निर्यात क्षेत्र में कठिनाई आ सकती है और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका द्वारा चीन के ऊपर भारी टैरिफ लगाने की संभावना है जिससे चीन की अर्थव्यवस्था में प्रमुख अस्तित्वहानि हो सकती है। इसका असर उनके निर्यात से जुड़े दूसरे बाजारों, जैसे भारत पर भी हो सकता है। रिपोर्ट में भारत के व्यापारिक निर्यात की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। दिसंबर 2024 में भारत के व्यापारिक निर्यात में 4.8 प्रतिशत की गिरावट थी। इसका मुख्य कारण रत्न और आभूषण तथा तेल निर्यात में कमी दिखी। रिपोर्ट में उभरते चुनौतियों के बारे में सामग्री प्रस्तुत की गई है जिससे भारत के व्यापार क्षेत्र में अवसरों और चुनौतियों की स्थिति स्पष्ट होती है।

# राष्ट्रपति ने गुकेश, हरमनप्रीत, मनु और प्रवीण को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफ्टाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफ्टाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफ्टाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





## पेशेवर मुक्केबाज बनने के बाद भी ओलंपिक को सबसे अहम मानते हैं निशांत



**–लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मुक्केबाजी शामिल रही तो उसमें खेलना चाहेंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुक्केबाज निशांत देव ने कहा है कि पेशेवर सर्किट में उतरने के बाद भी ओलंपिक में खेलना अब भी उनके लिए बेहद अहम है। ऐसे में अगर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अगर मुक्केबाजी को शामिल किया जाता है तो वह अवश्य ही उसमें भाग लेंगे। निशांत पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में मिली करीबी हार और ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण पेशेवर मुक्केबाज बने हैं। इस मुक्केबाज ने एडी हर्न की 'मैचरूम बॉक्सिंग से करार किया है।

उनकी पहली पेशेवर भिड़ंत 25 जनवरी को लॉस एंजिलिस में होगी। निशांत आजकल लॉस एंजिलिस में पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने लॉस एंजिलिस से कहा, 'मैं ओलंपिक में खेलने का अपना सपना पूरा करना चाहता था जो मैं कर चुका हूं। लेकिन अब मैं पेशेवर मुक्केबाजी में खेलने के अपने दूसरे सपने को पूरा करना चाहता हूं। देव को अब भी पेरिस ओलंपिक में मिली करीबी हार सालती है जिसमें वह मेक्सिको के मार्को वर्डे से विवादास्पद क्वार्टरफाइनल हार गये थे। उन्होंने कहा, 'मैं टूट गया था। इतने बड़े मंच पर इस तरह का झटका चुनौतीपूर्ण था। ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य की अनिश्चितता इस निराशा को और भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मुक्केबाजी की ओलंपिक के लिए पुष्टि नहीं की गई है। मैं यह जानने के लिए तीन साल तक इंतजार नहीं करना चाहता कि यह ओलंपिक में शामिल नहीं है। इसलिए इस समय का उपयोग मेरे पेशेवर मुक्केबाजी के सपने को पूरा करने में किया जा सकता है। निशांत का कहना है कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में सभी मुख्य बेल्ट जीतकर विश्व चैम्पियन बनना चाहता हूं।

## भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। वहां से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी और फाइनल दो फरवरी को होगा। भारत ने 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका में यह टूर्नामेंट जीता था। उस टीम में टिटास साधू, श्वेता सेहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और अर्चना देवी जैसे खिलाड़ी थे जो सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए निकी प्रसाद की कप्तानी वाली टीम इस मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेगी। प्रमुख खिलाड़ियों में हैदराबाद की तृषा जी शामिल है जिन्होंने शीर्षक्रम में शानदार प्रदर्शन करके पिछले महीने अंडर 19 विश्व कप में भारत की जीत की नींव रखी थी। उनके अलावा टीम में स्पिनर पारूनिका सिसोदिया, सोनम यादव और आयुषी शुक्ला भी हैं।

**भारतीय टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी दृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस,

# अनुशासन भंग करने पर खिलाड़ियों पर लग सकता है प्रतिबंध : बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 10 बिंदुओं वाली नियामावली जारी करते हुए कहा कि इसका पालन नहीं वाले खिलाड़ियों का अनुबंध समाप्त कर उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और घरेलू क्रिकेट खेलने पर रोक लगा दी जाएगी।



'पोलिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया' नामक यह नियमावली गुरुवार को खिलाड़ियों को भेज दी गई, इसे पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक की सलाह पर शामिल हैं। नियमावली में कहा गया है कि दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे। बैठक में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से वाहन से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल खराब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या अभ्यास के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उन्हें किसी अभ्यास सत्र में पूरे समय तक रहना होगा, भले ही उनका अभ्यास पहले समाप्त हो जाये। विदेश दौरों पर भी खिलाड़ियों को परिवार के साथ अलग से यात्रा करने की बजाय टीम के साथ ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है, ताकि टीम में अनुशासन और संगठन को बल मिले। इसमें बताया गया है कि अगर कोई सीरीज या दौरा तय समय से पहले समाप्त होने पर भी खिलाड़ी अपने मन से अलग से यात्रा न करें, इससे टीम की एकता प्रभावित होती है। बीसीसीआई ने कहा है कि 45 दिनों या उससे अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य - साथी और बच्चे (18 वर्ष तक) 14 दिनों से अधिक उनके साथ नहीं रह सकते हैं।

खिलाड़ी का परिवार केवल एक बार ही उसके साथ आ सकते हैं और उनकी यात्रा की व्यवस्था कोच, कप्तान और बीसीसीआई के संचालन महाप्रबंधक की मंजूरी के बाद संबंधित खिलाड़ी को करनी होगी। बीसीसीआई आगंतुकों की अवधि के लिए खिलाड़ी के साथ साझा आवास का खर्च उठाएगा। जारी दस्तावेज में कहा, 'अन्य सभी खर्च खिलाड़ी द्वारा वहन किए जाएंगे।' बीसीसीआई ने यह भी कहा कि परिवार के लिए पूर्व-अनुमोदित अवधि के बाहर अतिरिक्त लागत खिलाड़ी द्वारा वहन किया जायेगा।

गौरतलब है कि बीसीसीआई ने भारत के खराब प्रदर्शन का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक बुलाई थी, जिसकी शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार से हुई, जहां भारत 3-0 से हारा था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार हुई। समीक्षा बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया मौजूद थे।

## अक्षर को मिल सकती है दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



मुम्बई । आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल को मिलना तय माना जा रहा है। आईपीएल 21 मार्च से शुरू होगा। गत वर्ष इसके लिए हुई नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। जिससे माना जा रहा था कि राहुल को कप्तानी मिल सकती है क्योंकि वह लखनऊ सुपर जायंट्स में भी कप्तान रहे थे। वहीं अब कहा जा रहा है कि दिल्ली की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है। इसका कारण है कि अक्षर टीम के साथ काफी समय से हैं और कई बार ऑलराउंडर की भूमिका निभा चुके हैं। दिल्ली अक्षर को आईपीएल 2025 के लिए 16.50 करोड़ रुपये वेतन देगी। अक्षर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ के राहुल को खरीदा जबकि लखनऊ ने दिल्ली के ही ऋषभ पंत को सबसे बड़ी रकम देकर खरीदा था। ऋषभ भी दिल्ली के कप्तान थे। अक्षर ने आईपीएल में अभी तक कुल 150 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1653 रन बनाए हैं। अक्षर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 123 विकेट लिए हैं।

## रोहित के बचाव में उतरे युवराज




नई दिल्ली । पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने खराब फार्म के कारण आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बचाव किया है। युवराज ने कहा कि भले ही रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को जीत नहीं दिला पाये हैं पर उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल नहीं उठाये जा सकते हैं। युवराज ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, रोहित की कप्तानी में ही टीम टी20 विश्व कप जीती और एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल तक पहुंची। रोहित की कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने 5 आईपीएल जीते। उन्होंने किसी और को अवसर देने के लिए सिडनी टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया था। पूर्व में किसी कप्तान ने ऐसा किया है क्या? मैं देखता हूं कि उन्होंने पिछले 3 से 5 सालों में क्या किया है, एक या दो टूर्नामेंट से उन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। मेरे लिए, घरेलू सीरीज हार ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि भारत का न्यूजीलैंड से 3–0 से हारना ज्यादा कठिन था। रोहित की कप्तानी में ही टीम ने 2023 में हुए विश्व कप के दौरान लगातार 10 मैच जीते थे। उनके नेतृत्व में ही टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में भी प्रवेश किया था पर उसे वहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। युवराज ने ये भी कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को और समय दिया जाना चाहिये क्योंकि वह कुछ समय पहले ही टीम के कोच बने हैं। अभी उन्हें पूरी तरह से प्रक्रिया में आने दिया जाये।

## इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ईडन गार्डन्स में 3 दिवसीय शिविर लगाएगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले 3 दिवसीय शिविर लगा रही है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा कि टीम 18 जनवरी को कोलकाता में एकत्रित होगी और ईडन गार्डन्स स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेलने से पहले 3 दिन अभ्यास करेगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम इस प्रारूप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगी। यादव की अगुआई में भारत ने श्रीलंका, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीती हैं जिनमें से कुछ मैचों में कई रिकॉर्ड टूटे हैं।




संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में शामिल करना टीम प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण खोज रही है जिससे उन्हें इस स्थान पर अपनी ताकत बढ़ाने में मदद मिली है। 5 मैचों की सीरीज में अभिषेक शर्मा से लेकर नितीश कुमार रेड्डी तक भारतीय खिलाड़ियों की नई पीढ़ी मौजूद है। भारत से घरेलू परिस्थितियों में इंग्लैंड के लिए मुश्किलें खड़ी करने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के बेहद व्यस्त दौरे के बाद जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज से आराम दिया गया था, जहां वह सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच के बीच में चोटिल हो गए थे। चोटिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक साल से अधिक समय के बाद टीम में वापसी की है, जबकि संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल को ऋषभ पंत से आगे रखा गया है। इस बीच क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने दिग्गज महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी को विशेष श्रद्धांजलि देने की योजना बनाई है जिसके तहत प्रतिष्ठित स्टेडियम में उनके सम्मान में एक स्टैंड का नाम रखा जाएगा। यह श्रद्धांजलि मैच ब्रेक के दौरान दी जाएगी। मैच के दिन से पहले सीएबी जूनियर महिला बंगाल क्रिकेट टीम को भी सम्मानित करेगा जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज मुख्य अतिथि होंगी।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारत की टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

## बोपन्ना और झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के दूसरे दौर में पहुंची



मेलबर्न । भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6.4, 6.4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरूष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे। बोपन्ना 2024 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैथ्यू एबडेन के साथ खिताबी जीत के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीतने के साथ यह कारनामा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे।

# भारतीय टीम का बल्लेबाजी कोच बनना चाहते हैं पीटरसन

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भारतीय क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौर के बाद भारतीय बोर्ड को टीम इंडिया के लिए एक बल्लेबाजी कोच की जरूरत महसूस हुई है। इसी को देखते हुए पीटरसन ने टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच बनने में रुचि जताई है। भारतीय टीम पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद ही बल्लेबाजी कोच के बिना खेल रही है। विश्वकप तक मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ के समय विक्रम राठौर मुख्य कोच थे। वहीं द्रविड़ के बाद जगह गौतम गंभीर मुख्य कोच बने। गंभीर के साथ अभिक नायर टीम इंडिया के सहायक कोच बने, जबकि द अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मौर्न मोर्कल गेंदबाजी कोच के रुप में जुड़े। टी दिलीप टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने हे, जबकि रेयान टेन डेशखाटे को टीम इंडिया का दूसरा असिस्टेंट कोच बनाया गया। गंभीर के कार्यकाल में भारतीय टीम की बल्लेबाजी खराब रही है। सोशल मीडिया पर टीम इंडिया के नए बल्लेबाज कोच की तलाश को लेकर कई गई एक पोस्ट के जवाब में पीटरसन ने लिखा कि, भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछळे कुछ समय में बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहा है और अन्य बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ऐसे में टीम को बल्लेबाजी कोच की जरुरत है जो बल्लेबाजों को सलाह देकर उनकी गलतियां सुधार सके।



## 2026 विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत




नई दिल्ली । भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से हासिल कर सकेंगे।

# भारत के लिए खेलने का सपना अभी भी जिंदा है : करुण नायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क = लंबे समय तक मैदान से दूर रहने और करीब तीन साल पहले सोशल मीडिया पर एक उदास पोस्ट के बाद करुण नायर ने क्रिकेट में सनसनीखेज वापसी की है। उन्होंने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक बनाए और अब वह आठ साल बाद भारतीय जर्सी पहनने को लेकर आशावादी हैं। करुण ने विदर्भ के लिए 756 की शानदार औसत से 756 रन बनाए हैं, अब रनों के भूखे दिखते हैं, और वे उस निराश खिलाड़ी से बिल्कुल अलग हैं, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'प्रिय क्रिकेट, कृपया मुझे एक और मौका दें।'


क्या वह अवसर उनके पास तब आएगा जब चयनकर्ता इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय मैचों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की एकदिवसीय टीमों की घोषणा करेंगे? केवल समय ही बताएगा, लेकिन उनके पास 'सपने' देखने के अच्छे कारण हैं। करुण ने कहा, 'मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना होता है। इसलिए, हां, सपना अभी भी जिंदा है। यही कारण है कि हम यह खेल खेलते हैं, अपने देश के लिए खेलना। इसलिए, मेरा एकमात्र लक्ष्य देश के लिए खेलना था।'

अपने करियर में कई बार बड़ी असफलताओं और करीबी हार का सामना करने वाले करुण बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी वापसी है (हंसते हुए)। और मुझे वही करना जारी रखना होगा जो मैं इस समय कर रहा हूं। मैं जितने भी मैच खेलता हूं, उसमें जब भी संभव हो रन बनाता रहूंगा। मैं यही कर सकता हूं। बाकी सब मेरे नियंत्रण में नहीं है। लेकिन जब तक यह (चयन) नहीं हो जाता, यह सिर्फ एक सपना है। यह अभी भी नहीं हुआ है। लेकिन फिर से, जैसा कि मैंने कहा, मैं एक बार में एक पारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा।' अपने रन बनाने के तरीके पर वापस आने के लिए उन्होंने अतीत से अलग क्या किया है? उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ भी अलग नहीं किया है। कोई रहस्य नहीं है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ सालों की कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है, आप जानते हैं, यह सब एक साथ मिलकर हुआ है। शायद आप कह सकते हैं, हर दिन को एक नए दिन की तरह लेना और यह सुनिश्चित करना कि मैं अपनी हर पारी का सम्मान करूं।' ऐसे भी दिन थे जब 33 वर्षीय खिलाड़ी अपने क्रिकेट भविष्य को लेकर आशंकित था, जब घरेलू मैचों और आईपीएल में रन पूरी तरह से खत्म हो गए थे। उन्होंने कहा, 'अगर मैं कहूं कि मुझे डर नहीं था तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि किसी के मन में भी ऐसी भावनाएं आ सकती हैं। लेकिन मुझे कभी नहीं लगा कि मेरा करियर खत्म हो जाएगा। मुझे बस यह सोचना था कि यह कहां जा रहा है? मैं क्या कर रहा हूं? यह कैसे हुआ? आपको उस दौर से बाहर आने और यह समझने में थोड़ा समय लगता है कि क्या हो रहा है और फिर आपको क्या करना चाहिए। इसलिए, मैंने खुद से कहा कि मुझे फिर से शून्य से शुरुआत करने की जरूरत है। और खुद को कुछ साल दें और देखें कि यह कहां जाता है। और फिर मैं तय कर सकता हूं कि मुझे क्या करना है। तो, यही मेरी सोच थी।'

इस कठिन दौर ने उन्हें खुद के और अपने खेल के बारे में ज़्यादा जागरूक बना दिया। उन्होंने कहा, 'यह एक कठिन परिस्थिति थी। भावनात्मक रूप से, मानसिक रूप से। लेकिन हां, इसने मुझे एक व्यक्ति के रूप में और मेरे क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ सिखाया। इसलिए मैं उन सीखों के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसके बिना, मुझे नहीं लगता कि मैं इस समय इस स्थिति में होता।'



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# मौनी रॉय ने की सलाकार की शूटिंग पूरी

अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट सलाकार की शूटिंग अभिनेत्री मौनी रॉय ने सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। फिल्म के रैप-अप के मौके पर, मौनी ने केक काटकर कास्ट और क्रू के साथ इस यात्रा का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम फिल्म की टीम के बीच की दोस्ती और सहयोग को दर्शाता है। यह फिल्म मौनी के करियर में एक अहम पड़ाव है, जिसमें वह एक चुनौतीपूर्ण और परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही हैं। मौनी रॉय ने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है। उनके लिए सलाकार सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनके करियर का एक निर्णायक क्षण है। इस फिल्म में उनकी भूमिका न केवल उनके अभिनय कौशल को प्रदर्शित करती है, बल्कि उन्हें कहानी कहने के नए आयामों को तलाशने का भी अवसर देती है। मौनी ने इस प्रोजेक्ट को एक समृद्ध और परिवर्तनकारी अनुभव बताया, और उनके प्रशंसक अब उनकी इस पावर-पैक परफॉर्मेंस को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलाकार को मौनी ने एक ऐसी फिल्म बताया है, जो दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ने का प्रयास करती है। इस प्रोजेक्ट में उनका प्रदर्शन उनके फैंस को एक नया अनुभव देने का वादा करता है, और मौनी का यह नया अवतार निश्चित रूप से उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा। अपने अभिनय करियर के साथ-साथ, मौनी रॉय का एंटरप्रेन्योर वेंचर बदमाश भी सफलता की कहानी लिख रहा है। यह रेस्तरां श्रृंखला बॉलीवुड-थीम्ड सजावट और प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। बदमाश की सफलता मौनी की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करती है, और यह दिखाती है कि वह सिर्फ एक अदाकारा ही नहीं, बल्कि एक स्मार्ट बिजनेसवुमन भी हैं।

# तलाक का फैसला सोच-समझकर लिया गया कदम: किरण राव

हाल ही में फिल्म निर्माता किरण राव ने तलाक के बाद एक्टर आमिर खान से रिश्ते के बारे में विस्तार से बात की और इस फैसले पर अपनी सोच साझा की। किरण ने कहा कि तलाक का फैसला एक सोच-समझकर लिया गया कदम था और उन्होंने इसे किसी तात्कालिक विवाद या झगड़े के कारण नहीं लिया। उन्होंने खुलासा किया कि आमिर और वह कभी बड़े विवादों में नहीं उलझे, बल्कि उनके बीच कुछ छोटे मतभेद थे, जो कभी भी 12 घंटे से ज्यादा नहीं चले। वह कहती हैं, हम दोनों उस स्थिति में पहुंच गए थे, जहां हमें यह फैसला लेना पड़ा। हमने शादी को बचाने के लिए बहुत कोशिश की, लेकिन जब हमने तलाक लिया तो यह सोच-समझकर लिया।



किरण ने यह भी बताया कि तलाक के बावजूद, आमिर की मां अभी भी उनकी सास हैं और उनके बच्चे जुनैद और ईरा के साथ उनके अच्छे रिश्ते हैं। उनके अनुसार, तलाक के बाद भी दोनों परिवारों के बीच प्यार और सम्मान का कोई अभाव नहीं है। किरण का कहना है, हमने कभी नहीं सोचा कि अपने बच्चे को अकेला छोड़ देंगे। हम चाहते थे कि आज़ाद के जीवन में कोई कमी न आए। किरण ने तलाक के बाद अपनी भावनाओं और रिश्ते को बहुत ही निपुणता से संभाला है। उन्होंने आमिर को हमेशा अपना अच्छा दोस्त और शिक्षक बताया और कहा कि वह हमेशा उनके साथ रहेंगे, चाहे कुछ भी हो। हालांकि, किरण ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आमिर उन्हें गुस्सा दिलाते हैं, लेकिन वह यह मानती हैं कि किसी भी रिश्ते में यह स्वाभाविक है। किरण और आमिर के तलाक के बावजूद, उनके बच्चों और परिवार के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं, और दोनों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझ बनाए रखी है। उनकी यह सोच रिश्तों को न केवल संभालने की, बल्कि उन्हें विकसित करने की भी है। बता दें कि राव और आमिर खान ने 2021 में अपने तलाक की घोषणा की थी, जो फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक चौंकाने वाली खबर थी। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को अच्छे दोस्त के तौर पर बनाए रखा है और अपने बेटे आज़ाद की परवरिश मिलकर की है। दोनों को अक्सर एक साथ इवेंट्स में देखा जाता है और उनकी बॉन्डिंग दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है।



# दोस्तों.. आज का दिन बहुत खास था: मनीषा कोइराला

नेपाल के पहाड़ों में अभिनेत्री मनीषा कोइराला हाइकिंग (पैदल चलना) पर गईं। इंस्टाग्राम पर मनीषा कोइराला ने अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह नेपाल के घंडुक इलाके में पैदल चलती नजर आ रही थीं।

अपने पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा, दोस्तों.. आज का दिन बहुत खास था। घंडुक में सबसे अविश्वसनीय संडे बिताया! अन्नपूर्णा रेंज आश्चर्यजनक है! गांव के चारों ओर एक छोटी सी हाइक की, सुंदर ट्रेल्स की खोज की और शानदार दृश्य का आनंद लिया। साथ ही उन्होंने घंडुक संग्रहालय का दौरा किया और गुरुंग लोगों के इतिहास और संस्कृति के बारे में जानकारी ली। अभिनेत्री ने आगे लिखा, जैसे-जैसे दिन ढलने लगा, मैंने हिमालय पर सूर्यास्त देखा और इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए आभारी महसूस कर रही हूं! गुरुंग समुदाय को धन्यवाद, जिन्होंने इस जगह को साफ रखा। यदि आपको कभी घंडुक जाने का मौका मिले, तो जरूर जाएं! मनीषा ने एक कार्यक्रम में भी भाग लिया, जहां उन्होंने माइक संभाला और स्थानीय उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा, कल एक प्रेरणादायक दिन था! मैंने स्थानीय उद्यमियों की प्रदर्शनी में भाग लिया, जिन्होंने हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा दिय। ये समुदाय पारंपरिक प्रथाओं को संरक्षित करने और टिकाऊ स्थानीय प्रथाओं को समर्थन देने में समर्पित हैं।

मनीषा ने आगे बताया, बुधनिलकांठा के युवा और गतिशील डिप्टी मेयर से मिलकर इस अनुभव को और भी खास बना दिया। उन्होंने स्थानीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में बात की, जो मुझे बहुत प्रेरणादायक लगा। इससे पहले, मनीषा ने नेपाल की स्थानीय संस्कृति, भोजन और शिल्प कौशल की भी सराहना की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर नेपाल यात्रा की और वहां के पारंपरिक हस्तनिर्मित उत्पादों और स्थानीय भोजन की तस्वीरें साझा कीं।



# सान्या मल्होत्रा ने म्यूजिक वीडियो 'आंख' से मचा दिया तहलका

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो 'आंख' से तहलका मचा दिया है। हाल ही में सान्या ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने की शूटिंग और रिहर्सल की झलकियां साझा कीं, जिसमें उनका उत्साह और परफेक्शन के लिए समर्पण साफ नजर आ रहा है।

सुनिधि चौहान की दमदार आवाज और रुशा व ब्लिज़ा के सहयोग से बने इस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। गाने में सान्या के डांस मूव्स और उनकी ऊर्जा की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। उनके प्रदर्शन को देखकर कुछ प्रशंसकों ने इसकी तुलना शकीरा और बियोंसे के मशहूर म्यूजिक वीडियो ब्यूटीफुल लायर से भी की। 'आंख' का म्यूजिक वीडियो यूट्यूब के ग्लोबल डेली म्यूजिक वीडियो टॉप चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है, जो इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। सान्या ने अपने डांस और अभिनय से इस गाने को खास बना दिया है, जिसे दर्शक बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा की यह सफलता सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक ही सीमित नहीं है। वह जल्द ही अपनी वेब सीरीज 'मिसेज़' में नजर आएंगी, जो ज़ी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी सान्या एक दिलचस्प किरदार निभाने वाली हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक और महत्वपूर्ण फिल्म शामिल है, जिसने पहले से ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सान्या मल्होत्रा ने हमेशा अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है। चाहे उनकी फिल्में हों या म्यूजिक वीडियो, वह हर बार अपने किरदारों में पूरी तरह डूबकर अभिनय करती हैं। 'आंख' की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सान्या न केवल फिल्मों में बल्कि म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी खास छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। फैंस अब सान्या को उनकी आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर सान्या ने बॉलीवुड में एक खास मुकाम हासिल किया है।



# रेडियो नशा ने मनाया ऋतिक के इंडस्ट्री में 25 वर्ष पूरे होने का जश्न

हाल ही में रेडियो नशा ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के इंडस्ट्री में 25 शानदार वर्षों का भव्य जश्न मनाया। यह इवेंट न केवल फैंस के लिए एक अनोखा अनुभव साबित हुआ, बल्कि ऋतिक के लिए भी एक भावुक यात्रा बन गया, जहां उन्होंने अपने करियर की शुरुआत और व्यक्तिगत विकास के बारे में दिलचस्प किस्से साझा किए। इस कार्यक्रम में ऋतिक की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म कहो ना... प्यार है की फैन स्क्रीनिंग भी शामिल थी। स्क्रीनिंग के दौरान ऋतिक ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया, मैं कभी किसी फिल्म के लिए तैयार नहीं था। जब पापा ने पहली बार कहो ना... प्यार है के बारे में बात की, तो हमने शाहरुख खान, सलमान खान या आमिर खान जैसे सुपरस्टार्स को कास्ट करने की चर्चा की थी। मैंने पापा से कहा कि वे पहले ही ऐसी भूमिकाएं कर चुके हैं। तभी अचानक, पापा ने मेरी पीठ थपथपाई और कहा, चार महीने में तैयार हो जाओ। इस तरह मेरी यात्रा शुरू हुई। इस दौरान ऋतिक ने यह भी बताया कि कैसे समय के साथ उनके दृष्टिकोण में बदलाव आया। उन्होंने कहा, अच्छा दिखने और मजबूत होने के बीच बहुत फर्क है। अब, मेरा ध्यान सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनने पर है। नशा प्रीमियर नाइट्स में ऋतिक की इस प्रतिष्ठित फिल्म को बड़े पर्दे पर दोबारा देखने का मौका फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। कहो ना... प्यार है ने न केवल ऋतिक को सुपरस्टारडम दिलाया, बल्कि भारतीय सिनेमा में एक स्थायी छाप छोड़ी। फिल्म ने अपने रिलीज के समय नई पीढ़ी के दर्शकों को लुभाया था, और आज भी यह फैंस के दिलों में खास स्थान रखती है। इस विशेष स्क्रीनिंग ने ऋतिक के करियर की शुरुआत से लेकर अब तक के सफर को यादगार बना दिया। फैंस ने न सिर्फ फिल्म को फिर से देखा, बल्कि ऋतिक की परफॉर्मेंस और उनके साथ जुड़ी भावनात्मक गहराई को भी महसूस किया। 25 साल पहले कहो ना... प्यार है के साथ इंडस्ट्री में कदम रखने वाले ऋतिक रोशन आज भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में गिने जाते हैं। उनकी फिल्मों ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बनाई है।

# 30 साल बाद नए अंदाज में रिलीज होगी फिल्म बाशा




फिल्म बाशा को रिलीज हुए 30 साल हो चुके हैं। सुपरस्टार रजनीकांत की इस आइकॉनिक फिल्म को नए अंदाज में बड़े पर्दे पर दोबारा रिलीज किया जाएगा। यह रिलीज सत्या मूवीज की 60वीं वर्षगांठ और रजनीकांत के फिल्मी करियर के 50 शानदार साल पूरे होने का भी जश्न है। निर्माता फिल्म को डॉल्बी एटमॉस सराउंड साउंड और 4के रेजोल्यूशन के साथ पेश करेंगे, जो दर्शकों को बिल्कुल नई रिलीज फिल्म का अनुभव देगा। बाशा के इस वर्जन को सत्या मूवीज के बैनर तले आरएम वीरप्पन के बेटे थंगराज वीरप्पन रिलीज करेंगे। सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित और आरएम वीरप्पन द्वारा निर्मित यह फिल्म 1995 में रिलीज हुई थी और भारतीय सिनेमा में एक्शन फिल्मों की नई शैली की शुरुआत मानी जाती है। यह फिल्म 15 महीने तक सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चली, जो इसे रजनीकांत के करियर की सबसे बड़ी हिट्स में से एक बनाती है। बाशा एक गैंगस्टर की कहानी है, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। रजनीकांत का प्रसिद्ध डायलॉग, नान ओरु थडावा सोन्ना, नूरु थडावा सोन्ना मथिरी (मैं जो एक बार कहता हूं, वह 100 बार कहने जैसा है), आज भी फैंस के बीच उतना ही लोकप्रिय है। यह डायलॉग रील्स और मीम्स की दुनिया में धूम मचा रहा है। फिल्म में रजनीकांत और नगमा के अलावा, रघुवरन, चरणराज, आनंदराज, जनागराज, विजयकुमार, और युवरानी जैसे कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक नई रिलीज की तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह खबर पहले से ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ा रही है। बाशा की दोबारा रिलीज न केवल रजनीकांत के प्रशंसकों के लिए, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक ऐतिहासिक पल होगा।

# सलमान ने बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी: कंगना रनौत



हाल ही में अभिनेत्री कंगना रनौत ने बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के साथ अपने रिश्ते और काम करने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले ही अब तक दोनों ने साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह भविष्य में इस अवसर को लेकर काफी उत्साहित हैं। कंगना ने इंटरव्यू में बताया, सलमान मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे पास कई बार साथ काम करने के मौके आए, लेकिन किसी न किसी कारणवश ऐसा नहीं हो पाया। मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही हम दोनों किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। कंगना ने यह भी खुलासा किया कि सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी। हालांकि, उन्होंने उस रोल को ठुकरा दिया। कंगना ने मुस्कुराते हुए कहा, जब उन्होंने मुझे रोल ऑफर किया तो मैंने हैरान होकर पूछा, यह क्या रोल दिया है? इसके बाद उन्होंने सुल्तान के लिए भी संपर्क किया, लेकिन मैंने वह भी मना कर दिया। कंगना ने बताया कि सलमान इस बात पर हंसते हुए उनसे मजाक में कहते थे, अब तुम्हें और क्या ऑफर करूं? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सलमान ने कभी इसे नकारात्मक रूप से नहीं लिया और हमेशा उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। कंगना ने यह भी बताया कि सलमान उनकी फिल्म इमरजेंसी को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं और उन्होंने इसकी कहानी और कंगना के प्रयासों की सराहना की है। इमरजेंसी 1975 से 1977 के बीच की उस अवधि की कहानी है जब देश में आपातकाल लागू किया गया था। इस ऐतिहासिक फिल्म के लिए कंगना ने गहन शोध किया है और इसे अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक बताया है। कंगना का मानना है कि यह फिल्म न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक खास स्थान रखेगी। सलमान और कंगना के बीच दोस्ती के इस किस्से से यह साफ है कि दोनों कलाकार एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हैं। प्रशंसकों को उम्मीद है कि जल्द ही इन दोनों सितारों को किसी बड़े प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिलेगा। बता दें कि अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं और इसका निर्देशन भी उन्होंने खुद किया है।